

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | सोमवार, 14 अक्टूबर 2024 | वर्ष: 01, अंक: 231, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


## 'पीएम गति शक्ति' भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति और नए अवसरों का सृजन : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रविवार को 'पीएम गति शक्ति' पहल के तीन साल पूरे हो चुके हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'पीएम गति शक्ति' के भारत की बुनियादी ढांचे और विकास पर पड़ने वाले प्रभाव का जिक्र किया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 'माई गवर्नमेंट इंडिया' ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा,'आज हम पीएम गति शक्ति के तीन साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, जिसे पीएम मोदी ने लॉन्च किया था। यह अभूतपूर्व पहल भारत के बुनियादी ढांचे को और अधिक स्मार्ट और एकीकृत बना रही है, आर्थिक विकास को बढ़ावा दे रही है और विकास के भविष्य को



आकार दे रही है। इस पोस्ट पर पीएम मोदी ने लिखा, गति शक्ति की बदौलत देश विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने के लिए गति के साथ आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा।

इसके अलावा, उन्होंने इस दूसरे पोस्ट में लिखा, पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे सभी क्षेत्रों में तेज और अधिक कुशल विकास हुआ है। इसने लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा दिया है, देरी कम हुई है और कई लोगों के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं। पीएम गति शक्ति के तीन साल पूरे होने पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पर पोस्ट किया, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के लिए प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के शुभारंभ के 3 वर्ष पूरे हो गए हैं।

लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित करके और कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाकर, यह पथप्रदर्शक पहल तेज और अधिक कुशल परियोजना कार्यान्वयन सुनिश्चित करती है। यह एक आधुनिक, परस्पर जुड़े बुनियादी ढांचे के नेटवर्क को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे विकसित भारत के निर्माण की दृष्टि को मजबूती मिलती है।

## आमरण अनशन पर बैठे जूनियर डॉक्टर्स, हालत बिगड़ने के बाद तीन अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी**

**कोलकाता।** स्थानीय आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद अपनी मांगों को लेकर पश्चिम बंगाल के जूनियर चिकित्सकों का आमरण अनशन रविवार को नौवें दिन भी जारी है। इस बीच, राज्य के विभिन्न हिस्सों में लोग अनशनकारियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए सांकेतिक उपवास कर रहे हैं। कोलकाता और राज्य के उत्तरी हिस्से में स्थित सिलीगुड़ी शहर में 'आमरण अनशन' कर रहे जूनियर चिकित्सकों में से अब तक तीन को हालत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आंदोलनकारी 'जूनियर डॉक्टर्स फोरम' के एक नेता ने कहा, उनकी (अनशनकारियों की) स्थिति खराब होती जा रही है, लेकिन राज्य प्रशासन बेपरवाह बना हुआ है। इस बीच, आरजी कर अस्पताल के पूर्व छात्रों का एक समूह आमरण अनशन पर बैठे छात्रों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए 12 घंटे के प्रतीकात्मक उपवास के लिए अस्पताल पहुंच गया है। उन्हें, हालांकि अदालत के आदेश के बाद अस्पताल में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) कर्मियों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। पूर्व छात्रों ने कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए, वे अपने प्रस्तावित प्रतीकात्मक अनशन कार्यक्रम को जारी रखेंगे। इनमें से अधिकांश वरिष्ठ नागरिक हैं। मालदा और मुर्शिदाबाद जिले में कई लोग दिन में प्रतीकात्मक अनशन भी रख रहे हैं। आंदोलनकारी चिकित्सकों ने लोगों से उनके मुद्दे के प्रति एकजुटता और समर्थन दिखाने के लिए रविवार को खाना न पकाने का आग्रह किया है।

## असम व भूटान के कई हिस्से में 4.6 तीव्रता का भूकंप

**गुवाहाटी।** रविवार सुबह 7:47 बजे असम और पड़ोसी देश भूटान के कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी 4.6 तीव्रता मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र असम के उदालगुरी के पास जमीन के 15 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भूकंप के निर्देशांक 26.73ए उत्तरी अक्षांश और 92.31ए पूर्वी देशांतर थे। भूकंप के झटके ढेकियाजुली, तवांग, बरपेटा, ग्वालपाड़ा, उत्तर लखीमपुर, इटानगर, जोरहाट, तेजपुर, गोलाघाट, गुवाहाटी, नगांव और डिमापुर सहित कई क्षेत्रों में महसूस किए गए। इसमें किसी के हताहत होने या बड़ी क्षति की सूचना नहीं है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन अफ्रीकी देशों की यात्रा पर रवाना





**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन अफ्रीकी देशों-अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की राजकीय यात्रा पर रविवार को रवाना हुईं। राष्ट्रपति मुर्मू 13 से 19 अक्तूबर तक इन देशों की यात्रा पर हैं। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन तीन अफ्रीकी देशों की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मु की यात्रा का पहला चरण अल्जीरिया से शुरू होगा, फिर मॉरिटानिया और मलावी में खत्म होगा। यह भारत के राष्ट्रपति की अल्जीरिया की पहली यात्रा होगी और 39 वर्षों के बाद किसी राष्ट्राध्यक्ष स्तर की यात्रा होगी। उनकी यात्रा का अगला चरण मॉरिटानिया होगा। 1960 में अपनी स्वतंत्रता के बाद से भारत से इतने उच्च स्तर के किसी व्यक्ति के इस अफ्रीकी राष्ट्र का दौरा करने का यह पहला अवसर है। इसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू, मलावी के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 17 अक्टूबर को मलावी पहुंचेंगी।

## कांग्रेस की हार के जिम्मेदार भूपेंद्र सिंह हुड्डा, वह कांग्रेस का नाश करेंगे : गुरनाम चढूनी

**एजेंसी**

**कुरुक्षेत्र।** किसान नेता और संयुक्त संघर्ष पार्टी के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने हरियाणा में कांग्रेस की हार के पीछे भूपेंद्र सिंह हुड्डा को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले ही उन्होंने चेतावनी दी थी कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा कांग्रेस का नाश करेंगे और अब यह सच साबित हो गया है।

चढूनी ने कहा कि हमें लोकसभा चुनाव में एक टिकट देने का वादा किया गया था, लेकिन बाद में भूपेंद्र सिंह मुकर गए। अगर वह अभय चौटाला के साथ समझौता करते और एक टिकट देते, तो उनकी पार्टी को हरियाणा में 9 सीटें मिल सकती थीं। उनके मुताबिक विधानसभा भूपेंद्र सिंह ने उनके साथ गद्दारी की। बोले, लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने मुझे फोन किया और कहा कि मुझे रोहतक सीट पर समर्थन कर दो। हालांकि,



उन्हें पूरे हरियाणा के लिए बात करनी चाहिए थी। उन्होंने आरोप लगाया कि हुड्डा ने कई बड़े नेताओं को किनारे कर दिया। किसान नेताओं से भी पल्ला झाड़ा। इनमें रमेश दलाल, हर्ष छिकारा, बलराज कुंडू, कुमारी शैलजा, किरण चौधरी, रणदीप सुरजेवाला नाम शामिल हैं। किसान नेता के मुताबिक हुड्डा सभी को किनारे करते-करते खुद किनारे लग गए हैं। मुझे विश्वास था कि राहुल गांधी ने किसान नेताओं को चुनाव में तवज्जो देने की बात की थी। प्रियंका गांधी ने भी कहा था कि किसान नेताओं को साथ रखना फायदेमंद होगा, लेकिन भूपेंद्र सिंह ने ऐसा नहीं किया। चढूनी ने कांग्रेस हाईकमान से अपील की कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष न बनाएं। उन्होंने कहा, पिछले 10 सालों में भूपेंद्र सिंह ने विपक्ष की भूमिका नहीं निभाई, जबकि किसान यूनियन ने यह भूमिका निभाई है। वहीं, किसान आंदोलन के बारे में उन्होंने कहा कि यह गलत हाथों में चला गया है। मेरी विचारधारा अब यह है कि हमें संसद या विधानसभा में पहुंचना चाहिए, ताकि हम अपनी आवाज उठा सकें।

## बिना साधनों के संपूर्ण समाज को साथ लेकर चले श्रीराम : यादव

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि दशहरे का पावन पर्व भगवान श्रीराम की उस कार्यशैली और आदर्शों को सामने रखता है, जिसमें उन्होंने बिना साधनों के समाज को साथ लेकर चलने का संदेश दिया। डॉ यादव कल देर रात स्थानीय बिट्टन मार्केट में दशहरा उत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का दशहरा इसलिए अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि 500 वर्ष के संघर्ष के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम मुस्कुरा रहे हैं। मध्यप्रदेश में इस वर्ष दशहरे पर पूरे प्रदेश में शस्त्र-पूजन के कार्यक्रम हुए हैं। हम विजयादशमी पर लोकमाता अहिल्यादेवी के लोक कल्याणकारी कार्यों का स्मरण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देवता शास्त्रों के साथ शस्त्र लेकर चलते थे। उन्होंने शस्त्र-पूजन की परम्परा प्रारंभ की थी।लोकमाता देवी अहिल्या बाई की नगरी रही महेश्वर में दशहरे पर शस्त्र-पूजन समारोह में शामिल होकर लोकमाता के कार्यों का स्मरण किया। लोकमाता



अहिल्या बाई ने काशी, विश्वनाथ, द्वारका और अन्य देव्य स्थानों के निर्माण और विकास में योगदान दिया। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य करते हुए सुशासन के आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किए। महेश्वर के कुटीर उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण कदम उठाए। आज महेश्वरी साड़ी विश्व प्रसिद्ध है। डॉ यादव ने इस अवसर पर भगवान श्रीराम के स्वरूप की आराधना कर उनका राजतिलक किया।




# मंझनपुर में दो समुदायों में विवाद, पुलिस अधीक्षक के सूझ-बूझ से टला बड़ा हादसा

## -- मंझनपुर के बलीपुर नारा में दो समुदायों के बीच पनपे विवाद के बाद समझा बुझाकर कर कराया शांत- दोनों पक्ष के लोगों ने कप्तान बृजेश श्रीवास्तव की जमकर प्रसंशा

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बलीपुर नारा गांव में माँ दुर्गा की मूर्ति विसर्जन के दौरान दूसरे समुदाय के लोगों ने विवाद कर दिया। इससे दो समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए। बवाल की सूचना पर जिले के कप्तान ने मोर्चा संभाला तो विवाद थम गया। एहतियात के तौर पर गांव में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बलीपुर नारा में नवरात्रि के अवसर पर दुर्गा प्रतिमा को स्थापित किया गया था। शनिवार को मूर्ति विसर्जन करने के लिए जब भक्त जा रहे थे, तभी वर्ग विशेष के मोहल्ले में पहुंचते ही दूसरे समुदाय के लोगों से विवाद कर दिया। दोनों पक्षों में विवाद होने से बड़ा हादसा टल गया। जानकारी होने पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन विवाद को सुलझाने में नाकाम रहे। सूचना मिलने के बाद एसपी बृजेश श्रीवास्तव भी पहुंच कर मोर्चा संभाला लिया। दोनों पक्षों के संभ्रांत व्यक्तियों से वार्ता कर शांति व्यवस्था कायम कराते हुए बड़ी घटना को रोक दिया।

### पुलिस बल की की गई है तैनाती, कई के खिलाफ एफआईआर

कौशाम्बी। घटना के बाद से पूरा गांव पुलिस गस्ती बढ़ा दी गई है। मौके पर जिलाधिकारी व अन्य पुलिस अधिकारी घटना पर नजर गड़ाए हुए हैं। इसके अलावा पुलिस ने अराजक तत्वों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर उनका पता लगा रही है

## पुलिस की पाठशाला लगाकर नारी सुरक्षा,नारी स्वावलंबन एवं नारी सम्मान हेतु विशेष अभियान चलाकर जागरूक किया



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में "मिशन शक्ति फेज-5" के तहत जनपद कुशीनगर में रविवार को जनपद के समस्त थानों पर पुलिस की पाठशाला/चौपाल लगाकर महिलाओं /बालिकाओं/ छात्राओं को नारी सुरक्षा,नारी स्वावलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में जनपद की एन्टीरोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र के बस अड्डा/सार्वजनिक स्थानों/प्रमुख चौराहों/कस्बों/प्रमुख बाजारों/मन्दिर/शापिंग मॉल /चाय स्टाल / बीट क्षेत्र/ग्राम पंचायत/वार्ड/मोहल्लों/ स्कूल/ कालेज आदि के आस-पास गश्त/चेकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक कर उनकी सुरक्षा के सम्बंध में वार्ता करना, सार्वजनिक स्थानो पर घूम रहे शोहदो को चेतावानी देना, महिलाओ से संबंधित अपराध व अपराध से संबंधित सजा के बारे में जागरुक करना, सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहो व साइबर क्राइम के विषय में व महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय मे पुलिस की पाठशाला/चौपाल लगाकर जागरूक किया गया।

इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर वर्तमान में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड के सम्बन्ध में जागरुक करते हुए बताया गया कि किसी अन्जान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर न करें। यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड होता है तो वह तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराये।

## कारी सैफुररहमान कि कब्र खोदकर गर्दन काटकर ले जाने वाले गिरफ्तार, गर्दन समुद्र में फेकी



**संजीव विश्वकर्मा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**बिजनौर!** हल्दौर थाना क्षेत्र के झालू खारी मरहूम कारी सैफुररहमान की कब्र को खुर्द बुर्द करके कब्र से मृत शरीर का सिर ले जाने वाले कसीमुद्दीन व रामवीर गिरफ्तार। पुलिस द्वारा आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त फावड़ा व लोहे की आरी भी बरामद की गयी है उल्लेखनीय है कि ग्राम खारी निवासी कारी सैफूररहमान का 25 जुलाई को इंतकाल हो गया था जिन्हे गांव के ही कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया था। तथा 23 सितंबर को मरहूम कारी सैफुररहमान कि कब्र को खुर्द बुर्द कर उनके मृतक शरीर से सिर गायब मिला था तथा उनकी कब्र के पास से तंत्र मंत्र का सामान भी मिला था। जैसे ही यह खबर गांव के लोगो को पता चली तो गांव में आग कि तरह खबर फैल गई थी। सूचना पर एएसपी सिटी व सीओ सिटी भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे। वहीं मरहूम कारी सैफुररहमान के पुत्र मौ० फैजान कि तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस द्वारा कसीमुद्दीन पुत्र हसीमुद्दीन निवासी ग्राम खारी थाना हल्दौर व रामवीर पुत्र प्रीतम सिंह निवासी फिरोजपुर उग्रसैन उर्फ मोजीपुर थाना कोतवाली शहर को गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त फावड़ा व लोहे की आरी भी बरामद की है। पुलिस द्वारा पूछताछ पर दोनो आरोपियों ने बताया हम दोनों साथ मिलकर तंत्र-मंत्र की क्रिया करते हैं एवं सट्टे का नंबर भी लगाते हैं विगत कुछ समय से हम अपनी क्रिया में सफल नहीं हो रहे थे तो हमने सोचा कि कारी सैफुररहमान जो की काफी अच्छी छवि के व्यक्ति थे अगर उनकी गर्दन से तंत्र मंत्र कर सट्टे की क्रिया की जाए तो हमारी सट्टे की क्रिया सिद्ध हो सकती है। इसलिए हम दोनों ने 22/23 सितंबर की रात्रि में ग्राम खारी के कब्रिस्तान से मृतक कारी सैफुररहमान की कब्र को खोदकर तंत्र-मंत्र कर सट्टे कीक्रिया करने के लिए उनकी गर्दन कब्र से निकाल ली थी। आरोपी कसीमुद्दीन ने बताया कारी सैफुररहमान की गर्दन मेरे पास थी और इस घटना से समाज में काफी आक्रोश हो गया था जिस कारण मैं घबरा गया था और पुलिस से बचने के लिए 27 सितंबर को दिल्ली निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से बोम्बे चला गया था मेने बोम्बे पहुंचकर साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से कारी सैफुररहमान की गर्दन को समुद्र में फेंक दिया था।

## दशहरा का पर्व पूरे जिले भर में हर्षोल्लास के साथ रावण के पुतले का दहन, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बिजनौर:** दशहरा का पर्व पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जिले के विभिन्न हिस्सों में करीब 70 से अधिक स्थानों पर रावण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। साथ ही, 75 से अधिक रामलीलाओं और मेलों का भी आयोजन हो रहा है। इस बार की प्रमुख रामलीला में सिर्फ 30 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया, जो खास आकर्षण का केंद्र रहा।पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। जिले को 3 सुपर जोन, 6 जोन, 21 सेक्टर और 146 सब-सेक्टरों में बांटकर व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। यातायात पुलिस, पीएसी और स्थानीय पुलिस की तैनाती भी भारी संख्या में की गई है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। दशहरा को लेकर जिला भर बिजनौर में उत्साह का माहौल है और लोग का रावण दहन आकर्षण का केंद्र बना।

## फेरीवाले से मोबाइल खरीदने बेचने वाले सावधान, थोड़ा चुके तो गए जेल

# अंगूठा किसी का, सिम किसी गैर को, ठगहार चढ़ा पुलिस के हत्थे



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** साइबर क्राइम पुलिस थाना फतेहपुर टीम ने मोबाइल सिम के सत्यापन से मोबाइल सिम एजेण्ट द्वारा कूट रचित तरीके से ग्राहक के नाम अतिरिक्त सिम निर्गत एवं बिक्री कर करके आर्थिक लाभ हासिल करने वाले साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। फर्जी तरीके से सिम विक्रय करने में अभियुक्त हरिकेश यादव को गिरफ्तार किया है। थाने लाकर पूछताछ व लिखा पढ़ी करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त हरिकेश यादव पुत्र जगतपाल यादव है। वह ग्राम दंदौली थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ का निवासी है। पुलिस ने उसके पास से मोबाइल सिम आवंटन एवं कूट रचित सिम निर्गत करने में प्रयुक्त दो सेट मोबाइल फोन कीपैड व एण्ड्रायड, सिम कार्ड जियो कम्पनी, 21 सेट सिम कार्ड वोडाफोन कम्पनी, सिम कार्ड एयरटेल कम्पनी- 13 सेट, एक सेट बीएसएनल कम्पनी का सिम कार्ड, फिंगर बायोमैट्रिक मशीन बरामद किया है।

### तिकड़म फरेब में उस्ताद है मास्टर माइंड हरिकेश

इस मामले में पुलिस के हत्थे चढ़ा हरिकेश यादव कहने को महज इंटरमीडिएट तक पढ़ा है पर तिकड़म और फरेब में वह उस्तादों का उस्ताद है। पुलिस की मानें तो शातिर दिमाग वाला हरिकेश पिछले करीब 6 वर्ष से मोबाइल सिम कम्पनियों के एजेण्ट के रूप में काम करता है। मोबाइल कम्पनी द्वारा निर्गत एजेण्ट आईडी से गांवों में घूम कर मोबाइल सिम विक्रय व पोर्ट किया करता था। इतना ही नहीं वोडाफोन, जियो एवं एयरटेल मोबाइल कम्पनी का खुद को रिटेलर भी बताता है। फेरी के दौरान वह बायोमेट्रिक मशीन पर अलग अलग बहाने से दो से तीन बार अंगूठा लगवाकर ग्राहक को सिम निर्गत करने के साथ ही उसी के नाम पता पर अतिरिक्त सिम निर्गत कर लिया करता था। कूट रचित तरीके से निर्गत अतिरिक्त सिमों को स्वयं के आर्थिक लाभ हेतु आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को विक्रय कर दिया जाता है। पुलिस की छानबीन में यह तथ्य भी सामने आया कि कूटरचित तरीके से निर्गत अतिरिक्त सिम का प्रयोग अभियुक्त प्रदीप कुमार सोनकर द्वारा अपनी पहचान छिपाते हुए आपराधिक कृत्य में किया गया।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, साइबर क्राइम पुलिस थाना, कांस्टेबिल प्रवीन सिंह, साइबर क्राइम पुलिस थाना, कांस्टेबिल अजय कुमार, साइबर क्राइम पुलिस थाना फतेहपुर आदि शामिल रहे।

## बाइक व तमंचा कारतूस के साथ युवक बंदी



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी थरियांव के कुशल पर्यवेक्षण रविवार को थाना हथगांव पुलिस द्वारा न्यू कमल मेडिकल स्टोर कस्बा हथगांव के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त सूरज मिश्रा पुत्र नान महराज उर्फ गौरी शंकर निवासी वार्ड न0 10 कस्बा हथगांव थाना हथगांव जनपद फतेहपुर उम्र करीब 30 वर्ष को चोरी की एक अदद मोटरसाइकिल व एक अदद नाजायज तमंचा देशी 315 बोर तथा एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

## चेयरमैन ने दारानगर मेले का किया शुभारंभ



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम अध्यक्षा रागिनी अरुण केशरवानी ने शनिवार को नगर पंचायत क्षेत्र के दारानगर कस्बे में लगने वाले ऐतिहासिक मेले का शुभारंभ किया।न्यू श्री रामलीला कमेटी दारानगर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंची नगर अध्यक्षा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस दौरान कमेटी के लोगों द्वारा नगर अध्यक्षा का भव्य स्वागत सम्मान किया गया।नगर अध्यक्षा ने कमेटी के सदस्यों को शानदार आयोजन की बधाई देते हुए मेले के सफल आयोजन हेतु मंगल कामना की।इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण केशरवानी, उदय पांडेय, प्रभाकर शुक्ला, ओमनीष तिवारी, राजेश मिश्रा, शिवशंकर केशरवानी, रवि केशरवानी, चक्रधर पांडेय सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब के सदस्यों को साइबर अपराध व उसके बचाव के संबंध में किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी।** रविवार को रोटरी क्लब बाराबंकी में आयोजित साइबर जागरूकता के दृष्टिगत साइबर क्राइम थाना पुलिस द्वारा क्लब के सदस्यों को साइबर अपराध व धोखाधड़ी से बचने के निम्न उपायों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई-

1. साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर-1930 पर कॉल करें अथवा साइबर अपराध पोर्टल की वेबसाइट पर अपनी शिकायत दर्ज करें जिससे धनराशि खाते में होल्ड करायी जा सके।
2. बैंक द्वारा कभी भी के.वाई.सी. अपडेट कराने के लिए किसी से मोबाइल फोन से व्यक्तिगत जानकारी/ओटीपी/सीवीसी/पिन नम्बर नहीं मांगा जाता है। यदि कभी भी ऐसी कोई कॉल आए तो व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने से कोई भी ऐप डाउनलोड न करें।
3. किसी भी वेबसाइट पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से पहले अच्छी तरह से जांच कर लें। ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियों व सरकारी विभाग के कस्टमर केयर का नम्बर आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करें।
4. अज्ञात व्यक्ति/मोबाइल नम्बर द्वारा भेजे गए लिंक को क्लिक न करें।
5. किसी से पैसा प्राप्त करते समय अपनी यूपीआई आईडी/पासवर्ड न डालें, पैसा प्राप्त करते समय इसकी आवश्यकता नहीं होती है।
6. अपने सोशल मीडिया एकाउण्ट व बैंक खातों का पासवर्ड मजबूत बनाएं जिसमें नम्बर, अक्षर व चिन्ह तीनों हो, साथ ही टू-स्टेप वेरीफिकेशन लगाए रखें।

## आपसी सहमति से जुलूस मार्ग, समय में परिवर्तन कर आपसी सौहार्द और भाई चारे की पेश की मिशाल



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी ।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 15 अक्टूबर को मुस्लिम समुदाय द्वारा जुलूस-ए-गौसिया, फजलुर्रहमान पार्क से पीरबटावन-छाया चौराहा-नेबलट-धनोखर-घण्टाघर होते हुए वापस फजलुर्रहमान पार्क तक प्रस्तावित था तथा उसी दिन रामलीला का राजतिलक कार्यक्रम होना था। बाराबंकी पुलिस द्वारा रामलीला कमेटी व गौसुल वरा कमेटी के साथ गोष्ठी की गई जिसमें दोनों पक्षों के सदस्यों द्वारा बड़ा दिल दिखाते हुए आपसी सहमति से प्रस्तावित जुलूस-ए-गौसिया के मार्ग में परिवर्तन कर जुलूस को घण्टाघर से प्रारम्भ करते हुए धनोखर-नेबलेट-छाया चौराहा-पीरबटावन-फजलुर्रहमान पार्क सुनिश्चित किया गया है तथा रामलीला कमेटी द्वारा राजतिलक के समय में परिवर्तन कर आपसी सौहार्द और भाई चारे की पेश की मिशाल की गई।

## एक अन्तर्जनपदीय आटोलिफ्टर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 8 बाइक, पिकप बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी ।** पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा व क्षेत्राधिकारी रामनगर सौरभ श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में रविवार को स्वाट/सर्विलांस व थाना रामनगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा डिजिटल डेटा व मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर अन्तर्जनपदीय शातिर आटोलिफ्टर शमशुद्दीन उर्फ अब्दुल पुत्र मो0 यूसुफ निवासी ग्राम रसूलपुर मजरे कुसहरी थाना मवई जनपद अयोध्या को जफरपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 08 अदद मोटर साइकिल व 01 अदद पिकप बरामद किया गया।

अभियुक्त से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि गिरफ्तार अभियुक्त अपने 2 अन्य साथियों शमशाद . इरशाद पुत्रगण इब्राहिम निवासी ललिता नगर दुर्लभ आश्रम थाना कोतवाली नगर जनपद लखीमपुर खीरी के साथ जनपद बाराबंकी, लखीमपुर, सीतापुर, अयोध्या व आस पास के जनपदों के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भीड़-भाड़ वाले स्थानों से मोटर साइकिलें चोरी करते हैं तथा चोरी की मोटर साइकिलों का नम्बर बदलकर कूट रचित नम्बर प्लेट का प्रयोग करते हैं तथा चेचिस नम्बर/इंजन नम्बर को मिटाकर सस्ते दामों पर बेंच देते हैं। बरामद चोरी की पिकअप बिना नम्बर प्लेट के प्रयोग की जा रही थी। फरार अभियुक्तगण शमशाद , इरशाद पुत्रगण इब्राहिम निवासी ललिता नगर दुर्लभ आश्रम थाना कोतवाली नगर जनपद लखीमपुर खीरी की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

# विसर्जन में आए श्रद्धालुओं को चेयरमैन ने ग्रहण कराया प्रसाद



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दसमी तिथि को मां भगवती के विसर्जन के अवसर नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम अध्यक्षा रागिनी अरुण केशरवानी द्वारा गरमा गरम दमालू व हलुआ का वितरण किया गया।नगर अध्यक्षा द्वारा कालेश्वर घाट के मदारी खाई के समीप व फरीदागंज में शिविर लगाकर विसर्जन में आए श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराया गया।

इस दौरान हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।मां के विसर्जन में सम्मलित श्रद्धालु भक्तों ने नगर अध्यक्षा के इस पुनीत कार्य की खूब सराहना की है।इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण केशरवानी, पंडा समाज के पूर्व अध्यक्ष उदय पांडेय, उमेश पटेल, बृजेश विद्यार्थी, मोनू मोदनवाल, श्यामू अग्रहरि, लाल बिहारी पंडा, गुल्ली पाल, तूफानी पंडा, अनूप पंडा, राजू केशरवानी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## अज्ञात युवक का शव सड़क किनारे मिला, हड़कंप

**सबसे तेज प्रयागराज**
**फूलपुर।** फूलपुर थाना अंतर्गत चिरौड़ा गांव के सामने सड़क किनारे बीती रात 10 बजे सड़क किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव देख हड़कंप मच गया। आशंका की गई कि किसी ने हत्या कर शव सड़क किनारे ठिकाने लगा दिया। देखते-देखते ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना इफको पुलिस चौकी इंचार्ज राहुल कुमार को मिली तो वह फोर्स सहित मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस द्वारा उसे सीएचसी फूलपुर ले गए। परंतु उसकी मौत हो चुकी थी। इस बीच जुटी भीड़ द्वारा उक्त युवक की शिनाखत नहीं हो पाई। चौकी इंचार्ज ने बताया कि किसी ने इसे मारकर शव को सड़क के किनारे फेंक दिया अथवा एक्सीडेंट में मारा गया, यह तो पीएम में ही पता चल सकेगा। पुलिस द्वारा आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद शव पीएम हेतु भेज दिया गया।

## बुराई पर अच्छाई की जीत विजयदशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फूलपुर ।** बुराई पर अच्छाई की जीत विजयदशमी पर्व हर्षोल्लास पूर्ण मनाया गया। ब्राह्मण कुल में जन्मे रावण को बहुत ज्ञान था परंतु उसके घमंड ने उसे कहीं का ना छोड़ा। मां सीता का अपहरण करना रावण को भारी पड़ा। भगवान श्री राम से पंगा लेना उस घमंडी को भारी पड़ा, स्वयं तो भगवान के हाथों मारा ही गया उसकी सोने की लंका भी जलाकर राख कर डाली गई। इसी को याद कर विजयदशमी पर्व मनाया जाता है। असत्य पर सत्य अधर्म पर धर्म बुराई पर अच्छाई का पर्व विजयदशमी उल्लास पूर्ण वातावरण में गांव-गांव मनाई गई। फूलपुर कोड़ापुर मैलहन बहरिया आदि गांवों में राम जन्म श्रीलंका दहन रावण वध की रामलीला का मंचन कर विजयदशमी का मेला लगा। जिसमें राम रावण का युद्ध एक बार पुनः दिखाया गया। तत्पश्चात रावण का पुतला दहन किया गया। मैलहन में मेला के बाद रावण का पुतला कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम दुबे शिवाजी दुबे श्री प्रकाश दुबे उमाकांत दुबे श्याम जी दुबे रोहित सियाराम मिश्रा हिमांशु दुबे पप्पू दुबे रामजी दुबे आदि के मौजूदगी में पुतला दहन तथा मेला संपन्न कराया गया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ फूलपुर के स्वयं सेवकों ने स्थापना दिवस मनाया



**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने शनिवार को विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम संघ की स्थापना दिवस के रूप में केशव सदन कार्यालय बौड़ई में मनाया इस अवसर पर नगरसंचालक श्री कृष्ण गोपाल ,जिला प्रचारक श्री प्रेमसागर ने समाज में संघ के पांच आयामों पर समझाया कि हमे संघ के सातब्दी वर्ष में कैसे कार्य करना है सामाजिक समरसता,कुटुंब प्रबोधन,पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी व नागरिक कर्तव्य शामिल है संघ के स्वयंसेवको को पांच विषयों पर समाज के लोगों के साथ मिलकर कार्य करने के लिए जागरूक किया गया उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना 1925 में परम पूजनीय आद्य सरसंचालन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी द्वारा नागपुर में किया गया था ।संगठन आज राष्ट्र की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का सशक्त प्रतीक है। संघ के अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति के सिद्धांतों पर चलते हुए करोड़ों स्वयंसेवक देश की अखंडता, विकास और संस्कृति के लिए समर्पित हैं।

संघ का यह प्रयास हर भारतीय के भीतर राष्ट्र के प्रति गौरव और जिम्मेदारी की भावना को प्रबल करता है। संघ के कार्यों से प्रेरित होकर हम सभी राष्ट्र को सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। इस मौके पर नगर कार्यवाह उमाचरण जी, नगर प्रचारक यशवंत जी,नगर अध्यक्ष अमरनाथ जी ,सोमनाथ जी,उत्तम, शशि जी, जिग्नेश जी,शिवम जी, गौरी शंकर जी, मुकेश जी, शिवलाल जी ,सुभाष जी ,रोहित जी, राजकुमार जी , धीरेंद्र जी,मिथिलेश जी,ओम जी, दिलीप जी ,कृष्ण चंद्र जी ,जय किशोर जी ,विमलेश जी, राजा जी ,गौतम जी ,नीरज जी ,आनंद जी अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## दशहरा बाग में आयोजित दशहरा मेला का डीएम एसपी ने भ्रमण किया



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** शनिवार को जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत दशहरा बाग में आयोजित दशहरा मेला का भ्रमण किया गया । पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा भ्रमण के दौरान मेले में लगे पुलिस बल को सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । इस अवसर पर प्रशासन व पुलिस के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## एडीजी, आईजी ने थाना मंझनपुर अन्तर्गत पैदल गस्त कर घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण किया



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर एवं पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रेम गौतम द्वारा थाना मंझनपुर क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बलीपुर में पैदल गश्त किया गया। शनिवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान दो पक्षों के मध्य हुए विवाद से सम्बन्धित घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। शान्ति व्यवस्था ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा स्थानीय लोगों से संवाद कर और उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव, जिलाधिकारी कौशाम्बी मधुशूदन हुल्गी, अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह, एडीजी महोदय के स्टाफ अफीसर, क्षेत्राधिकारी मंझनपुर सत्येंद्र प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी चायल मौजूद रहे।

# सुंदर-सुंदर झांकियां के साथ निकाली श्री राम भारत मिलाप की भव्य शोभायात्रा

**सबसे तेज प्रयागराज**



**बिजनौर!** स्योहारा दशहरा महोत्सव के अंतर्गत श्री रामलीला कमेटी स्योहारा द्वारा विभिन्न सुंदर-सुंदर झांकियो से श्री राम भारत मिलाप की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का उद्घाटन मुख्य अतिथि कपिल कुमार शर्मा, कु0 पृथ्वीराज सिंह संरक्षक, रन्जजय प्रताप सिंह सह संरक्षक ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कपिल कुमार शर्मा ने कहा कि राम हमारे लिए एक नाम ही नहीं है बल्कि इस संसार रूपी भवसागर से पार करने का एक सेतु भी है हमें अपने अंदर की बुराइयों को दूर करके श्री राम के आदर्शों को अपनाना चाहिए और अपने बच्चों को भी राम के चरित्र से अवगत कराना चाहिए शोभायात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गों से होती हुई श्री रामलीला मैदान पर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में गणेश श्री राम सीता आदि की भव्य झांकियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी।शोभायात्रा में डीजे के धार्मिक गीतों की धुन पर युवा डांस करते चल रहे थे। शोभायात्रा का जगह जगह राम सीता की आरती करके और जलपान के द्वारा स्वागत किया गया। शोभा यात्रा को सफल बनाने में राजवीर सिंह त्यागी अध्यक्ष, नीतू जोशी उपाध्यक्ष, महेंद्र कुमार शर्मा मंत्री, अमर सिंह वर्मा मंत्री, वरुण रस्तोगी कोषाध्यक्ष, राजपाल सिंह मंच प्रबंधक, सुनील शर्मा मंच प्रबंधक, अवनीश जोशी लेखा निरीक्षक, पंडित नरेश शर्मा पुरोहित, महेंद्र सिंह रवि भंडारी, अनुराग भटनागर वैज्ञानिक सलाहकार, यतेंद्र त्यागी सदस्य, कपिल त्यागी, राहुल त्यागी, प्रमोद वाल्मीकि, रमेश तोमर, धर्मेंद्र कुमार आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया शोभायात्रा के साथ सुरक्षा की दृष्टि से थाना अध्यक्ष अवनीत मान उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह हेड कांस्टेबल असगर आदि पुलिस बल राम भारत मिलाप में मौजूद रहा।

# पुलिस ने लूट की योजना बना रहे चार चोरों को किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**



**बिजनौर!** स्योहारा पुलिस ने लूट की योजना बना रहे 04 अभियुक्तगणों को अवैध शस्त्र, सोने चांदी के आभूषण व नगदी सहित गिरफ्तार किया तथा तीन मामलों का खुलासा किया। बता दे कि 9 जुलाई 2024 को रहीस अहमद पुत्र बुन्दू निवासी मौ सरायकलां कस्बा सहसपुर थाना स्योहारा ने थाने परतहरीर दी कि मोटरसाइकिल सवार 03 व्यक्तियो शादाब उर्फ सोनू बटला पुत्र बुन्दू निवासी मौहल्ला रबनदक कस्बा ताजपुर नूरपुर व 02 अज्ञात अभियुक्तो द्वारा उसकी बेटी से पर्स छीन लिया। पर्स मे नगदी व सोने चांदी के आभूषण थे। इस संबंध में थाने पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। वही 07 अक्टूबर 2024 को अवनीश कुमार पुत्र श्री राम रक्षपाल निवासी ग्राम मौहल्ला पटवारियान थाना स्योहारा ने थाने पर तहरीर दी थी कि अज्ञात चोर उसकी मोटरसाइकिल पर टंगे 02 थैलो को लेकर भाग गये, जिसमें परचून का सामान आदि था। इस संबंध में भी थाने पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

तीसरी घटना 09 अक्टूबर 2024 को हुई जिसमें मौहम्मद नवेद पुत्र हसामुद्दीन निवासी ग्राम हातमपुर शेख थाना चांदपुर बिजनौर ने थाना चांदपुर पर तहरीर दी कि अज्ञात चोरो द्वारा उसके बंद पडे घर से सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिये है। इस संबंध में थाना चांदपुर पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

थाना स्योहारा पर पंजीकृत उपरोक्त घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया। जिसके क्रम में विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान शादाब उर्फ सोनू बटला पुत्र बुन्दू निवासी मौ० खन्दक कस्बा ताजपुर थाना नूरपुर, अनुज वर्मा पुत्र शशि कुमार वर्मा निवासी मौ० कमला विहार पीतल नगरी थाना कटघर मुरादाबाद, धनु कुमार पुत्र सिपाही राय निवासी ग्राम बंगांही थाना गरखा जिला छपरा (बिहार) , अमित मिश्रा पुत्र भृगनाथ मिश्रा निवासी ग्राम पकरोल थाना दीदारगंज जनपद आजमगढ के नाम प्रकाश में आये। स्योहारा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर लूट की योजना बना रहे उपरोक्त अभियोगो में वांछित अभियुक्तगण शादाब उर्फ सोनू
बटला, अनुज वर्मा, धनु कुमार व अमित मिश्रा को 02 तंमचे 315 बोर, 04 जिन्दा कारतूस 315 बोर, दो चाकू, सोने चांदी के आभूषण व 3 हजार रुपये की नगदी सहित गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना स्योहारा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया । अभियुक्तो ने पूछताछ पर बताया कि हमने स्योहारा के ग्राम मंगलखेडा के पास ई-रिक्शा में बैठी लडकी से बैग छीन लिया था, जिसमें हमें नगदी व आभूषण मिले थे। नगदी को हमने आपस में बांटकर खर्च कर लिया था तथा इसके अलावा हमने रामलीला ग्राउंड के पास से एक मोटरसाइकिल से 02 थैले चुराये थे, जिनमें सिगरेट, तबांकू व गूटके आदी थे। जिस समान को हमने आने जाने वालो लोगो को 5 हजार रुपये में बेच दिया था। हमसे बरामद रुपये 3 हजार रुपये उसी समान की ब्रिकी के है। मैने (शादाब उर्फ सोनू) व अपने साथी अनुज वर्मा के साथ मिलकर थाना चांदपुर के बंद मकान से भी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। और आज हम एक लूट की घटना की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी अवनीत मान, वरिष्ठ उप निरीक्षक सुरजीत सिंह, उप निरीक्षक कृपाल सिंह, उप निरीक्षक यशदेव शर्मा, उप निरीक्षक सुनील कुमार मुख्य आरक्षी असकर खान, मुख्य आरक्षी किशनपाल आरक्षी अमित भाटी, आरक्षी रजनीश व आरक्षी पंकज कुमार शामिल रहे ।

# वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर सैनी कोतवाली पुलिस वारंटी की तलाश में एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना सैनी पुलिस उ०नि० अंजनी सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त राजू पुत्र फूल चन्द्र नि० नरसिंह कछुआ थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।



## निरोधात्मक कार्यवाही में 15 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना करारी से 03, थाना महेवाघाट से 03, थाना पिपरी से 05, थाना कोखराज से 02, थाना कड़ाधाम से 02) कुल 15 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा० न्यायालय किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 19 वाहनों का ई-चालान किया गया।


## सर्पदंश से बालक की मौत से मचा हड़कंप

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर ।** घर के कमरे में टेलीविजन चालू करने गए बालक को सर्प डसने से मौत हो गई इससे परिजनों में हड़कंप मच गया। मृतक के मां ने सोचा कि किसी चूहे या छछुंदर ने काटा होगा। कुछ देर बाद जब बालक बेहोश होने लगा तो परिजन फूलपुर स्थित एक निजी चिकित्सालय में ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शहर स्थित स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय ले गए वहां भी चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में हड़कंप मच गया। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत चकमाली गांव निवासी अरविंद कुमार पटेल का बारह वर्षीय इकलौता पुत्र आदित्य कुमार पटेल रविवार सुबह आठ बजे कमरे में टेलीविजन चालू करने गया। कमरे की दीवार में बिल में बैठे जहरीले सांप ने डस लिया। बच्चे ने मां सुशीला देवी को बताया तो मां ने सोचा किसी चूहे या छछुंदर ने काटा होगा। कुछ देर बाद बालक बेहोश होने लगा। परिजन फूलपुर स्थित निजी अस्पताल में ले गये। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन पुनः शहर स्थित स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय ले गए। वहां भी चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन बालक के जिंदा होने की उम्मीद में सोरांव झाड़-फूंक करने वाले के पास ले गए। वहां से भी मृतक होने की बात पर कुंडा प्रतापगढ़ में वैद्य के पास लेकर गये। वैद्य ने भी मृतक घोषित कर दिया। मृतक बालक के पिता दिल्ली में काम करते हैं। सूचना पर दिल्ली से रवाना हो लिए हैं। मृतक बालक चार बहनों में सबसे छोटा इकलौता भाई था। मौत की सूचना पर मां सहित बहने अंजलि, आंचल,आंशू, मीनाक्षी का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक बालक के जन्म के समय 12 वर्ष पहले उसी घर में बुआ के लड़के माधव पटेल 6 वर्ष की खेलते समय सांप के काटने से मौत हो गई थी। उसे समय वह अपनी मां सीता देवी के साथ प्रतापगढ़ जनपद के भवानीगढ़ से अपनी ननिहाल चकमाली आया हुआ था।

## स्वर्गीय बलराम मेमोरियल दंगल का विशाल आयोजन

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फूलपुर ।** फूलपुर क्षेत्र के मैलहन बाजार के पास स्थित रैनी गांव में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय बलराम लेखपाल मेमोरियल इनामी दंगल एवं जवाबी बिरहा का आयोजन रैनी ढकपूरा गांव में किया गया। उक्त कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सोरांव विधायक गीता पासी ने फीता काटकर पहलवानों को कुश्ती हेतु मैदान में उतरने का आवाहन किया। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य मनोज कुमार यादव ने आयोजक गण को इस दंगल को राष्ट्रीय स्तर के पहलवानों को बुलाकर क्षेत्र का मान बढ़ाने की बात कही। बता दें कि दंगल में बड़ा मेला व दंगल प्रतियोगिता के साथ रात में जवाबी बिरहा का आयोजन ओमप्रकाश दीवाना एवं सुमित्रानंदनी के मध्य किया गया है। उक्त अवसर पर दिलीप यादव प्रधान सेहुवांडीह, भानु प्रताप पाल प्रधान मेहंदीपुर, उसरी दयाशंकर यादव, धर्मेंद्र यादव, डॉक्टर दिनेश कुमार, तहसीलदार सरोज आदि के अलावा रैनी ढकपूरा मैलहन के संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे। आयोजन कपिल देव सरोज ने सभी आगंतुकों पहलवानों वा ग्राम प्रधानों का आभार मेले में पधारने के लिए किया।

## ऐतिहासिक कुप्पी मेला क्षेत्र का एएसपी ने निरीक्षण किया गया एवं तैयारियों का जायजा लिया



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** विजयदशमी/दशहरा पर्व व मूर्ति विसर्जन के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के साथ थाना मंझनपुर क्षेत्र अन्तर्गत भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों को चेक किया गया तथा रामलीला मैदान का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया । इस दौरान लोगों से संवाद कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा अपर जिलाधिकारी कौशाम्बी के साथ थाना कड़ाधाम क्षेत्र अन्तर्गत रविवार से लगने वाले ऐतिहासिक कुप्पी मेला क्षेत्र का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया एवं तैयारियों का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।

## विजयदशमी पर्व पर डीएम एसपी जिले का करते रहे भ्रमण



**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** विजयदशमी पर्व व दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा जिलाधिकारी कौशाम्बी मधुशूदन हुल्गी के साथ जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया साथ ही थाना क्षेत्र संदीपनघाट अन्तर्गत मूरतगंज स्थित मूर्ति विसर्जन स्थल पक्का तालाब का निरीक्षण किया गया। मूर्तियों के विसर्जन को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु ड्यूटीरत पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश व मार्गदर्शन दिए गए।

## महिलाओं/बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त व पुलिस उपायुक्त नगर के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति फेज-05 के तहत नगर जोन के थाना अतरसुइया में गठित एंटीरोमियों स्क्वाड व महिला बीट अधिकारियों द्वारा पूजा पंडालों आदि में जाकर बालिकाओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण के संबंध में जागरूक करते हुए गुड-टच, बैड-टच तथा विभिन्न हेल्पलाइन- वूमेन पॉवर लाइन-1090, आपातकालीन सेवा यूपी-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिला हेल्प डेस्क, एण्टी-रोमियो स्क्वाड, शक्ति दीदी अभियान व आत्मरक्षा सम्बंधी टिप्स एवं कल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन राष्ट्रीय पोषण मिशन, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी देकर जागरुक किया गया ।

## पास्को एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना चांदपुर पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बधित 01 वांछित अभियुक्त अमित कुमार पुत्र लालजी निवासी ग्राम सिकरी थाना चांदपुर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

## 6 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** एसपी के निर्देश पर मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए विवाद के मामले में 6 वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिखा पड़ी किया।

थाना मंझनपुर अंतर्गत बलीपुर गांव में मूर्ति विसर्जन के दौरान इमाम चौक पर गुलाल पड़ जाने से दो पक्षों के मध्य विवाद हो गया था, एससी/एसटी एक्ट पंजीकृत किया गया था। जिससे सम्बन्धित 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को मा० न्यायालय भेजा गया।

## दशहरा मेला मंझनपुर में सुरक्षा को लेकर डीएम एसपी ने किया पैदल गस्त

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा जिलाधिकारी कौशाम्बी मधुसूदन हुल्गी के साथ दशहरा मेला के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से थाना मंझनपुर अन्तर्गत मुख्य मार्गों एवं चौराहों पर पैदल गस्त की गई। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## पेट दर्द से परेशान था शख्स, डॉक्टर्स ने की जांच, तो आंत में दौड़ रहा था कॉकरोच ! जानें हैरान करने वाला मामला



**दिल्ली के एक हॉस्पिटल से हैरान करने वाला मामला सामने आया है. यहां एक शख्स के पेट में जिंदा कॉकरोच मिलने से डॉक्टर भी हैरान रह गए. इसके बाद एंडोस्कोपी के जरिए पेट से कॉकरोच को निकाला गया.**

एक 23 साल का शख्स कुछ दिनों से पेट दर्द, इनडाइजेशन और ब्लोटिंग की समस्या से जूझ रहा था. जब समस्या बढ़ी, तो उसने हॉस्पिटल जाकर चेकअप कराने का फैसला किया. जब वह दिल्ली के वसंत कुंज स्थित फोर्टिस हॉस्पिटल पहुंचा, तो डॉक्टर्स को उसके पेट में हैरान करने वाली चीज नजर आई. स्कैन में पता चला कि शख्स की आंत में जिंदा कॉकरोच घूम रहा था, जिसकी वजह से परेशानी हो रही थी. कॉकरोच को देखकर डॉक्टर्स भी हैरान रह गए और उन्होंने तुरंत एंडोस्कोपी कर कॉकरोच को बाहर निकाल दिया. तब जाकर मरीज की जान बची.

दिल्ली के वसंत कुंज के फोर्टिस हॉस्पिटल में गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी डिपार्टमेंट के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. शुभम वत्स्य ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि 23 साल के एक युवक को दो-तीन दिनों से खाने के बाद अपच, पेट में दर्द और सूजन की समस्या हो रही थी और परेशानी बढ़ी, तो वह जांच के लिए हॉस्पिटल आया. जब उसके पेट का स्कैन किया गया, तो छोटी आंत में तीन सेंटीमीटर का एक कॉकरोच घूम रहा था. मरीज को यह पता ही नहीं चला कि कब कॉकरोच उसके पेट में पहुंच गया. डॉक्टर्स भी यह देखकर हैरान रह गए कि इतने दिनों तक कॉकरोच पेट में जिंदा कैसे रहा.

यह देखकर डॉक्टर्स ने आनन-फानने में एंडोस्कोपी का सहारा लिया और 10 मिनट के अंदर कॉकरोच को बाहर निकाल लिया. अपर गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल (GI) एंडोस्कोपी एक ऐसा प्रोसीजर है, जिसमें तद्ध ट्रैक्ट के ऊपरी हिस्से की जांच की जाती है. इस प्रक्रिया में एक एंडोस्कोप का उपयोग किया जाता है, जिसमें दो चैनल होते हैं. एक चैनल हवा और पानी डालने के लिए होता है, जबकि दूसरा चैनल हवा के द्वारा चीजों को बाहर निकालने के लिए होता है. डॉक्टर्स ने इसी प्रक्रिया से कॉकरोच को बाहर निकाला. जैसे ही कॉकरोच पेट से बाहर निकला, वैसे ही मरीज को राहत मिल गई.

डॉक्टर्स ने बताया कि अगर को छोटी आंत से कॉकरोच को जल्द से जल्द बाहर नहीं निकाला जाता, तो शख्स की कंडीशन सीरियस हो सकती थी. जिंदा कॉकरोच छोटी आंत में कई तरह की गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता था. इसलिए डॉक्टर्स ने पता लगते ही कॉकरोच को तुरंत बाहर निकालने का फैसला लिया और इससे युवक की जान बच गई. हालांकि युवक को यह पता नहीं है कि कॉकरोच उसके पेट में कैसे पहुंचा. यह मामला फिलहाल चर्चाओं का विषय बना हुआ है.

# किसानी को महिलाएं ही बचा सकती हैं



मिट्टी की बड़ी कोठियों में, लकड़ी के पटाव पर, मिट्टी की हंडी में व ढोलकी में बीज रखे जाते थे। इसके अलावा, तूमा (लौकी की एक प्रजाति) बांस के खोल में बीजों का भंडारण किया जाता था। इसी प्रकार, बीजों को धूप में सुखा कर, कोठी या भंडारण के स्थान पर धुआं किया जाता था, जिससे पतंगे या घुन नहीं लगता। कीड़ों से बचाव के लिए लकड़ी या गोबर से जली राख या रेत भी बीजों में मिलाते हैं।

परंपरागत खेती-किसानी का अधिकांश कार्य महिलाओं पर निर्भर रहा है। वे खेत में बीज बोने से लेकर उनके संरक्षण, संवर्धन और भंडारण तक का काम बड़े जतन से करती हैं। पशुपालन से लेकर विविध तरह की हरी सब्जियां व फलदार वृक्ष लगाना व उनके परवरिश का काम करती हैं। जंगलों से फल-फूल, पत्ती के गुणों की पहचान करना व संग्रह करने में उनकी प्रमुख भूमिका रही है। वे जैव विविधता की संरक्षक रही हैं। आज इस कॉलम में खेती में उनके योगदान को याद करना चाहूंगा, जिससे अभूतपूर्व संकट के दौर से गुजर रही खेती को समझा जा सके, बचाया जा सके।मैंने पिछले कुछ बरसों से देश भर में घूम-घूमकर खेती को नजदीक से देखा-समझा है। किसानों के खेतों में गया हूं और उनसे मिलकर खेती के बारे में जाना है। महिला किसानों से भी चर्चा की है। इस आधार पर खेती में उनके योगदान पर कुछ बातें कही जा सकती हैं।कड़कड़ाती ठंड हो या मूसलाधार बारिश या फिर चिलचिलाती तेज धूप महिलाएं सभी परिस्थितियों में खेती का काम करती रही हैं। खेती के विकास में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, भोजन के लिए ईंधन जुटाना, खाना बनाना, मवेशियों को खेतों से घास लाना, खेतों में काम करने जाना और फिर खेत से आकर घर का काम करना आदि उनकी जिम्मेदारियों में शामिल है।निंदाई-गुड़ाई के दौरान विजातीय पौधे और खरपतवार को फसल से अलग करना भी उनके काम का हिस्सा हुआ करता था। जब पौधों में फूल आ जाते हैं तब वे ऐसे विजातीय पौधों को आसानी से पहचान कर अलग कर देती थीं। कुछ फसलों में निंदाई-गुड़ाई तीन-चार बार करनी पड़ती थी। यह काम भी वे करती थीं। लेकिन अब नींदानाशक आने से उनकी भूमिका कम हो गई है।

इसके अलावा, बीजों के चयन में उनकी खास भूमिका होती थी। पहले खेतों में ही बीजों का चयन हो जाता था, इसमें देखा जाता था कि सबसे अच्छे स्वस्थ पौधे कि खेत में हैं। किस खेत के हिस्से में अच्छी बालियां हैं। वहां किसी तरह के कमजोर और रोगी पौधे नहीं होने चाहिए। अगर ऐसे पौधे फसलों के बीच होते थे तो उन्हें हटा दिया जाता था। फिर अच्छी बालियों को छांटकर उन्हें साफ कर और सुखा लिया जाता था। इसके बाद बीजों का भंडारण किया जाता था। इन सब कामों में महिलाओं की प्रमुख भूमिका होती थी।बीज भंडारण, पारंपरिक खेती का एक अभिन्न हिस्सा है। अलग-अलग परिस्थिति और संस्कृति के अनुरूप किसानों ने बीजों की सुरक्षा के कई तरीके और विधियां विकसित की हैं। मक्का के बीज को घुन और खराब होने से बचाने के लिए चूल्हे के ऊपर छींके पर रखते हैं और सतपुड़ा अंचल में खुले में मक्के के भुट्टे को खंबे को छिलका समेत उल्टे लटका कर रखते हैं। छिलका बरसाती या छाते का काम करता है और बारिश का पानी भी उन्हें खराब नहीं कर पाता।

मिट्टी की बड़ी कोठियों में, लकड़ी के पटाव पर, मिट्टी की हंडी में व ढोलकी में बीज रखे जाते थे। इसके अलावा, तूमा (लौकी की एक प्रजाति) बांस के खोल में बीजों का भंडारण किया जाता था। इसी प्रकार, बीजों को धूप में सुखा कर, कोठी या भंडारण के स्थान पर धुआं किया जाता था, जिससे पतंगे या घुन नहीं लगता। कीड़ों से बचाव के लिए लकड़ी या गोबर से जली राख या रेत भी बीजों में मिलाते हैं।बीज के अभाव में बीजों का आदान-प्रदान हुआ करता था। कई बार महिलाएं उनके मायके से ससुराल बीज ले आती थीं। और कुछ हद तक यह सिलसिला अब भी जारी है। खासतौर से सब्जियों के बीज की अदला-बदली रिश्तेदार और परिवारजनों में होना आम बात थी।हाल ही में छत्तीसगढ़ में कुनकुरी के पास एक गांव में एक किसान से मिला था।

उन्होंने बताया कि उनके पास मक्का व बरबटी का बीज उनके पुरखों के जमाने का है। यह देसी बीज वे पीढ़ियों से इस्तेमाल करते हैं। हर साल बोते हैं और बीज के लिए बचाकर रखते हैं। यानी बीज उनके पुरखों की विरासत भी है, और उसके साथ उसे बोने से लेकर भंडारण तक का परंपरागत ज्ञान भी उनके पास है।धान रोपाई का काम तो महिलाएं करती हैं। जब वे रंग-बिरंगे कपड़ों में गीत गाते हुए धान रोपाई करती हैं तो देखते ही बनता है। इनमें कई स्कूली लड़कियां भी होती हैं। वे स्कूल में भी पढ़ती हैं और खेतों में भी काम करती हैं। लड़कियां कृषि में ज्ञान और कौशल सीखती हैं। सतपुड़ा अंचल में धान रोपाई को स्थानीय भाषा में लबोदा कहा जाता है।पहले हर घर में सब्जी बाड़ी ( किचन गार्डन) हुआ करती थी, जिसे जैव विविधता का केन्द्र भी कहा जा सकता है। इसमें कई तरह की हरी सब्जियां, मौसमी फल और मोटे अनाज लगाए जाते थे। जैसे भटा, टमाटर, हरी मिर्च, अदरक, भिंडी, सेमी (बल्लर), मक्का, ज्वार आदि होते थे। मुनगा, नींबू, बेर, अमरूद आदि बच्चों के पोषण के स्रोत होते थे। इसमें न अलग से पानी देने की जरूरत थी और न खाद की। जो पानी रोजाना इस्तेमाल होता था उससे ही बाड़ी की सब्जियों की सिंचाई हो जाती थी। लेकिन इनमें कई कारणों से कमी आ रही है। ये सभी काम महिलाएं ही करती थीं। हालांकि, अब भी कई इलाकों में सब्जी बाड़ी की जाती हैं।सब्जी बाड़ी में अदरक, तुलसी, पुदीना, हल्दी जैसे औषधीय महत्व के पौधे भी होते थे, जो पारंपरिक चिकित्सा व नुस्खों में काम आते थे। इसके अलावा, जंगल में औषधीय पौधों, फलों व जड़ी-बूटियों की जानकारी भी महिलाओं को होती है। वे कई तरह के औषधीय पौधों के गुणधर्म जानती हैं, और कई छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान कर लेती हैं।जंगल क्षेत्र में रहने वाले लोगों की आजीविका जंगल पर ही निर्भर है। खेत और जंगल से उन्हें काफी अमौद्रिक चीजें मिलती हैं, जो पोषण के लिए निश्शुल्क और प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होती हैं। ये सभी चीजें उन्हें अपने परिवेश और आस-पास से मिल जाती है। जैसे बेर, जामुन, अचार, आंवला, महुआ, मकोई, सीताफल, आम, शहद और कई तरह के फल-फूल, जंगली कंद और हरी पत्तीदार भाजियां सहज ही उपलब्ध हो जाती हैं। यानी खेती एक तरह की जीवन पद्धति है जिसमें जैव विविधता का संरक्षण होता है। मिट्टी, पानी और पर्यावरण का संरक्षण होता है और इन सबमें महिलाओं की भूमिका अहम है।कुछ समय पहले मैं उत्तराखंड गया था, वहां अधिकांश गांवों के लोग रोजगार की तलाश में शहरों में पलायन कर गए हैं। वहां महिलाओं ने घर में बच्चों की परवरिश के साथ खेती की जिम्मेदारी भी संभाली। बल्कि खेती ही उनकी आजीविका का प्रमुख स्रोत था, और बच्चों की परवरिश भी इसी कारण हो पा रही थी।

यहां अल्मोड़ा जिले में श्रमयोग संस्था ने महिलाओं को हल्दी की खेती के लिए प्रोत्साहित किया। सल्ट का क्षेत्र हल्दी व पीली मिर्ची के लिए प्रसिद्ध रहा है इसलिए यहां संस्था ने हल्दी, पीली मिर्च और अदरक की खेती पर जोर दिया। इसके अलावा, दालें, मसूर, उड़द, गहथ, भंगजीर, जख्या, काला भट्ट, धनजीरा की खेती भी की जाती है।सब्जियों में ओगल, मूली, राई, धनिया, पालक, बैंगन, भिंडी, छिमी, कद्दू, चिचिंडा, बिन इत्यादि। श्रमयोग संस्था ने महिला किसानों के उत्पाद को उचित दाम मिले, यह सुनिश्चित किया है। हल्दी के अलावा, मंडुवा, दालें, जख्या, इत्यादि को वैकल्पिक बाजार से जोड़ा है। स्थानीय बाजार के अलावा दिल्ली, मुम्बई, बेंगलुरू, देहरादून जैसे महानगरों में श्रम उत्पाद बेचे जाते हैं और अच्छा लाभ भी कमाया। इससे परिवारों की आमदनी भी बढ़ी और महिलाओं में आत्मविश्वास भी आया।

### संपादकीय

## महंगाई की फिक्र

ऐसे वक्त में जब भारतीय बाजार त्योहार की रंगत में रंगने लगे हैं और कारोबारियों को बेहतर कारोबार की उम्मीद है, भारतीय रिजर्व बैंक महंगाई को लेकर फिक्रमंद है। उसे चिंता है कि महंगाई बढ़ी तो त्योहार की रौनक प्रभावित हो सकती है। तभी मौद्रिक नीति की घोषणा करते वक्त केंद्रीय बैंक ने रेपो दर को यथावत बनाये रखा है। बहरहाल, ये आने वाला वक्त बताएगा कि रिजर्व बैंक किस हद तक महंगाई पर नियंत्रण रखने में सफल हो पाता है। दरअसल, केंद्रीय बैंक का लक्ष्य है कि महंगाई की दर को चार फीसदी से नीचे रखी जाए। चिंता जतायी जा रही है कि आने वाले दो वर्ष में यह दर चार फीसदी से ऊपर रह सकती है। जब दो साल पहले खुदरा महंगाई की दर सात फीसदी के करीब पहुंच गई थी तो केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक उपायों से महंगाई पर काबू पाने का प्रयास किया। बैंक ने धीरे-धीरे रेपो दर में वृद्धि की थी। फिलहाल छह बार की बढ़ोतरी से फिलहाल इस दर में करीब ढाई फीसदी की वृद्धि हो चुकी है। अब महंगाई बढ़ने की फिक्र में केंद्रीय बैंक ने दसवीं बार रेपो दर को यथावत रखा है। जो फिलहाल साढ़े छह फीसदी है। दरअसल, बैंक का आकलन है कि आने वाले दो वर्षों में महंगाई की दर चार फीसदी से ऊपर रह सकती है। केंद्रीय बैंक यदि उद्यमियों के दबाव के बावजूद बैंक दरों में कमी नहीं कर रहा है तो उसकी वजह महंगाई की फिक्र में थमे कदम हैं। बैंक का आकलन है कि यदि हम महंगाई की दर को अपने लक्ष्य चार फीसदी से कम लाने में कामयाब हो जाते हैं तो देश की विकास दर के ऊंचे लक्ष्य हासिल किये जा सकते हैं। इतना ही नहीं, विकास दर दो अंकों का आंकड़ा छू सकती है। वैसे जिस तरह कोविड संकट से उबरती दुनिया को रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिम एशिया के संकट से जूझना पड़ रहा है, भारत उससे अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने में कामयाब रहा है।

यह एक हकीकत है

कि जहां दुनिया के अन्य विकसित देश मंदी के संकट से जूझ रहे हैं, भारत मंदी के दुष्प्रभाव से अर्थव्यवस्था को बचा पाया है। निस्संदेह, हमारी मौद्रिक नीतियां आर्थिकी को स्थायित्व प्रदान करने में किसी हद तक सफल रही हैं। यही वजह है कि संवेदनशील आर्थिकी के वैश्विक परिदृश्य में केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीतियों में बदलाव से परहेज किया है। निस्संदेह, भारत इस समय दुनिया में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है। इस स्थिति को बनाए रखने के लिये खासी सावधानी भी जरूरी है। लेकिन ऊंची रेपो दर का नुकसान देश के उन उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है, जो घर-वाहन लोन की ईएमआई कम होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। हालांकि, देश के बुजुर्गों को बचत खाते में अधिक ब्याज मिलने से लाभ जरूर हो रहा है। लेकिन महंगाई का प्रभाव तो समाज के हर वर्ग पर पड़ रहा है। वहीं थोक व फुटकर की महंगाई के आंकड़े भले ही इसके कम होने की बात कर रहे हों, लेकिन व्यवहार में फल-सब्जी व खाद्य पदार्थों की महंगाई उपभोक्ताओं के बजट को प्रभावित कर रही है। दूसरी ओर कर्ज लेने वाले लोगों को बढ़ी किस्तें भी परेशान कर रही हैं। कारोबारी और कामकाजी लोग काफी समय से आस लगाए बैठे थे कि यदि रिजर्व बैंक रेपो दरों में कुछ कमी करता है तो ऋण सस्ते होने से उनके कर्ज की किस्त कुछ हल्की हो जाएगी। लेकिन महंगाई की चिंता कर रहा केंद्रीय बैंक ऐसे किसी कदम को उठाने से परहेज कर रहा है। लेकिन एक बात तो तय है कि महंगाई दर में कमी के दावों का अहसास आम आदमी को भी होना चाहिए। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि महंगाई के आंकड़ों पर काबू पाने का वास्तविक लाभ आम उपभोक्ता को कैसे और कब मिलेगा। कोशिश की जानी चाहिए कि त्योहार के मौसम में आम आदमी को दैनिक उपभोग की वस्तुएं मसलन खाद्यान्न, सब्जी-फल, डेरी उत्पाद व खाद्य तेल वाजिब दामों में मिले। तभी महंगाई पर नियंत्रण के सरकारी दावे सिरे चढ़ सकेंगे।

# रतन टाटा: दिखावे से दूर एक शालीन उद्योगपति



जेआरडी स्पष्ट रूप से करिश्माई थे लेकिन रतन टाटा अभी भी एक शालीन नेता के रूप में खड़े थे जिन्होंने आज की बड़बोली और तेजतर्रार व्यापारिक दुनिया में शिष्टता और समझदार तरीके को बनाए रखा था। एक ऐसे युग में जब व्यापारिक नेता सोशल मीडिया पर अनिवार्य रूप से बोलते हैं, अपनी भड़कीली रुचियों के बारे में बताते हैं या अपनी पहुंच और शक्ति का प्रदर्शन करते हैं, तो ऐसे मामलों में रतन टाटा अलग थे।पद्म विभूषण रतन नवल टाटा का निधन टाटा समूह और भारतीय व्यापार व उद्योग की व्यापक दुनिया के लिए एक युग का अंत है। टाटा समूह का उन्होंने दो दशकों से अधिक समय तक नेतृत्व किया। टाटा समूह के प्रमुख के रूप में रतन टाटा का कार्यकाल उदारीकरण के युग के साथ का सह-टर्मिनस था जिसने भारतीय व्यापार परिदृश्य को नाटकीय रूप से बदल दिया और उसे साहसिक दांव, गहरे बदलाव और नई दिशाओं में ले गया। इनमें से कुछ भी आसान नहीं था, विशेष रूप से यह देखते हुए कि रतन टाटा को उस समूह को स्थानांतरित करने का काम सौंपा गया था जो हिंदू विकास दर की भारतीय कहानी का इतर हिस्सा था। उन्होंने इसे तेजी से आगे बढ़ाने और उच्च स्तर पर देखने की जिम्मेदारी उठाई।

इसका मतलब था बदलाव करना। अर्थात रतन टाटा पहले टाटा कंपनी को पुराने नियंत्रण से मुक्त कर अपने पूर्ण नियंत्रण ले सकें और फिर संगठन को दायरे और आकार पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित कर सकें। दुनिया की सबसे सस्ती कार का निर्माण (या लोगों की कार, जैसा नैनो को कहा जाता था), सॉफ्टवेयर दिग्गज टीसीएस को सार्वजनिक करना, टेटली और जगुआर लैंड रोवर को खरीदना उनके करियर की कुछ झलकियां हैं जिन्होंने समूह को हिलाकर रख दिया लेकिन इसके बावजूद जहाज को स्थिर रखा।यह एक चुनौतीपूर्ण यात्रा थी। रतन टाटा शांति के साथ काम करना पसंद करते थे इसलिए इस यात्रा को इसके सभी विस्तार के साथ कभी भी पूरी तरह से नहीं बताया गया। अपने पूर्ववर्ती जेआरडी टाटा के आकर्षण और चुंबकत्व के बिल्कुल विपरीत रतन टाटा अपने पूरे जीवन में अंतर्मुखी बने रहे।जेआरडी स्पष्ट रूप से करिश्माई थे लेकिन रतन टाटा अभी भी एक शालीन नेता के रूप में खड़े थे जिन्होंने आज की बड़बोली और तेजतर्रार व्यापारिक दुनिया में शिष्टता और समझदार तरीके को बनाए रखा था। एक ऐसे युग में जब व्यापारिक नेता सोशल मीडिया पर अनिवार्य रूप से बोलते हैं, अपनी भड़कीली रुचियों के बारे में बताते हैं या अपनी पहुंच और शक्ति का प्रदर्शन करते हैं, तो ऐसे मामलों में रतन टाटा अलग थे। वे हमेशा सुर्खियों से दूर और अलग-थलग रहे। लगभग बंद दरवाजों के पीछे उन्होंने अपने जीवन के 86 साल बिताये।टाटा समूह के जाने-माने इतिहासकार स्वर्गीय रूसी एम लाला ने एक बार बातचीत में कहा था- %रतन टाटा के पास गर्व करने के लिए बहुत कुछ है,% और यह कि %जेआरडी को रतन पर गर्व होगा।% लाला ने कहा था, %कुछ अर्थों में यह हो सकता है या यह तर्क देना संभव है कि रतन ने जो हासिल किया है- बिना करिश्मे, व्यक्तित्व या जेआरडी के चुंबकत्व के- वह जेआरडी की उपलब्धि से अधिक है। हालांकि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जेआरडी लाइसेंस राज से बंधे थे जबकि रतन उदारीकृत युग के तहत प्रदर्शन करने के लिए अपेक्षाकृत स्वतंत्र थे।%टाटा समूह के अंदरूनी सूत्र के इस आकलन ने रतन टाटा की अनूठी उपलब्धियों के बारे में बहुत कुछ कहा। ये बातें उस समय कही गई थीं जब रतन टाटा ने अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा की थी और सायरस मिस्त्री को अध्यक्ष नामित किया गया था। उत्तराधिकार की यह कहानी जो अंततः समूह के लिए, सायरस मिस्त्री के लिए और व्यक्तिगत रूप से रतन टाटा के लिए बहुत गलत साबित हुई। फिर भी रतन टाटा इस झटके से भी उभरे और समूह को लगातार स्थिर रखा। उन्होंने 2017 में समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा सन्स के अध्यक्ष के रूप में टीसीएस के तत्कालीन अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एन चंद्रशेखरन को नियुक्त किया और खुद चेयरमैन एमेरिटस का पद संभाला।चंद्रशेखरन ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा है- %टाटा समूह के लिए श्री टाटा एक चेयरपर्सन से कहीं अधिक थे। मेरे लिए वे एक संरक्षक, मार्गदर्शक और दोस्त थे। वे उदाहरण बनकर प्रेरित करते थे। टाटा समूह ने उनके नेतृत्व में उत्कृष्टता, सत्यनिष्ठा और नवाचार के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ अपनी नैतिकता के प्रति हमेशा सचे रहते हुए अपने वैश्विक पदचिह्न का विस्तार किया।%चंद्रशेखरन का बयान इस मायने में महत्वपूर्ण है कि आज के भारत में भी नैतिक दिशा को बनाए रखते हुए विकास की कहानी लिखी जा सकती है। अगर हम कुछ संदेह की गुंजाइश देते हैं तो जिस तरह से सायरस मिस्त्री को हटाया गया या राडिया टेप की कहानी ने टाटा समूह की ओर ध्यान आकर्षित किया था, तो भी इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि टाटा समूह मूल्यों के साथ रहने, ईमानदारी के साथ काम करने और इन सबसे ऊपर- सही जगह पर दिल से काम करने के लिए खड़ा है।टाटा समूह की सकल संपत्ति के किसी भी मूल्यांकन के लिए वित्तीय पंडित इस महत्वपूर्ण मुद्दे को जोड़ सकते हैं। टाटा समूह के मामले में इस तरह की अप्रत्यक्ष संपत्ति किसी बड़ी प्रत्यक्ष संपत्ति से अधिक हो सकती है। आज के समय में विशेष रूप से शासन के मुद्दों से चिह्नित वातावरण में इस कहानी को इतने लंबे समय तक बनाए रखना अपने आप में एक उपलब्धि है।

कई साल पहले बॉम्बे हाउस में एक इन-कैमरा साक्षात्कार में उन्होंने इस लेखक से समूह के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में खुल कर कहा था-%हमारे सामने आने वाली चुनौतियां मूल रूप से एक बहुत अधिक खुले और कड़े प्रतिस्पर्धी बाजार की चुनौतियां हैं जो हमें अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने का कारण बनेंगी। चुनौतियां तो लगातार बढ़ती रहेंगी लेकिन शेयरधारक मूल्य को बढ़ाने और कंपनी के सभी हितधारकों के प्रति निष्पक्ष होते हुए हमें अपने उन मूल्यों और परंपराओं को ब6नाए रखते हुए बढ़ना जारी रखना है जो हमारे पास हैं%इंटरव्यू के दौरान रतन टाटा ने पानी पिलाने के लिए कहा। एक वर्दी वाला कर्मचारी आया। टाटा उनकी ओर मुड़े और उससे कहा धन्यवाद और फिर साक्षात्कार जारी रखा। यह कहा जा सकता है .

# छात्राओं को मिशन शक्ति के लिए किया जागरूक

## प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका सुनीता कन्नौजिया ने छात्राओं को किया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** प्राथमिक विद्यालय बसहरा,तरहार, जसरा की शिक्षिका सुनीता कन्नौजिया ने मिशन शक्ति के तहत विद्यालय की छात्राओं को आज जागरूक किया। उन्होंने छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। सहायक अध्यापिक सुनीता कन्नौजिया ने छात्राओं को शिक्षित होकर आगे बढ़ने, लोगों की मदद करने, सबका साथ - सबका विकास के



लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है बल्कि लोगों में कुछ कर गुजरने का जज्बा होना चाहिए तभी उनको सफलता मिलती है। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवि चन्द्र शुक्ल, श्रीमती पूनम सिंह एवं शिक्षा मित्र राजेश कुमार पटेल तथा विद्यालय के छात्र , छात्राएं जय प्रकाश, ऋषु, आदर्श, प्रिसं पटेल, अंकुश पटेल, दीप्ति, काजल, कोमल, रागिनी पटेल, दिव्या, सुनैना, सौम्या, आयुषी, प्रज्ञान प्रताप, अभिषेक, प्रिसं पटेल, ओम बाबू, अनुष्का , अंशिका सहित अन्य छात्र, छात्राएं उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि सहायक अध्यापिक सुनीता कन्नौजिया 15 वर्ष से बच्चों को नवाचार के माध्यम से शिक्षण कर रही है जिससे कि छात्र, छात्राएं कम समय और कम परिश्रम में बहुत अधिक सीख सके। सहायक अध्यापिक सुनीता कन्नौजिया ने बताया कि नवाचार से छात्र - छात्राओं को सीखने में आसानी होती है और वह कम समय और कम परिश्रम में बहुत कुछ सीख जाते हैं।

# संगठन की मजबूती पर दिया जा रहा जोर : कुंदन श्रीवास्तव

## संगठन का जिला स्थायी कार्यालय घोषित। एनयूजेआई की मासिक बैठक सम्पन्न, लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट प्रयागराज इकाई की मासिक बैठक संरक्षक पवन द्विवेदी और परवेज आलम की मौजूदगी मे जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संगठन के कार्यालय पर कर्नलगंज में आज सम्पन्न हुई। बैठक में एनयूजेआई प्रयागराज इकाई को और मजबूत बनाने के लिए कमेटियों का गठन किया गया। गठित की गई कमेटियां संगठन को विस्तार देने के साथ , साथ पत्रकारों के हित से जुड़े विषयों पर काम करेंगी।



गठित कमेटी में पत्रकारों के भविष्य के लिए इन्श्योरेंस कमेटी का गठन किया गया । वरिष्ठ पत्रकार पवन द्विवेदी को इन्श्योरेंस कमेटी के लिए नामित किया गया है। संगठन से जुड़े पत्रकारों को विषम परिस्थितयों में आथिर्क रूप से मदद देने के लिए संगठन का बैंक एकान्ट शीघ्र खोलने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए आर्थिक कमेटी का गठन किया गया है जो एनयूजेआई के संरक्षक पवन द्विवेदी,संरक्षक परवेज आलम, अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव,महामंत्री राजीव कुमार सिंह,उपाध्यक्ष डॉ सुधाकर पान्डेय, संगठन मंत्री अखिलेश शुक्ला के नेतृत्व में करेगी। प्रयागराज इकाई में एनयूजेआई में सदस्यों की संख्य बढ़ाने के लिए यमुना पार क्षेत्र में सदस्य विस्तार कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी उपाध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी तथा संगठन मंत्री अखिलेश शुक्ला के नेतृत्व में काम करेंगी।

जिला प्रशासन, पुलिस तथा जिला सूचना समन्वय कमेटी के लिए पवन द्विवेदी, परवेज आलम,अभय शंकर पान्डेय, डॉ सुधाकर पान्डेय, अखिलेश शुक्ला, आमीर अंसारी नामित किए गए।

संगठन के कार्यक्रम तथा बैठक के समाचार जारी करने की कमेटी के लिए संरक्षक पवन द्विवेदी ,संरक्षक परवेज आलम, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव को नामित किया गया है।बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला कार्यकारिणी के बैठक में आवश्यकता होने पर लखनऊ प्रदेश कार्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा ।

प्रयागराज इकाई के अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित हुई मासिक बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश चन्द्र श्रीवास्तव, संरक्षक पवन द्विवेदी,डा सुधाकर पान्डेय, धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री राजीव कुमार सिंह, मधुर दरबारी, संगठन मंत्री अखिलेश शुक्ला,वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, मंत्री इमरान खान,जिया सिदीकी संतोष सिंह मिथिलेश त्रिपाठी राजीव कुमार सिंहअखिलेश शुक्ला रंजीत निषाद सौरभ कुमार आदर्श इरफान खान मधुर दरबारी असद कुरैशी शिव कुमार पान्डेय सुहेल हनीफ अनूप रावत बी के यादव ब्रिजेश विश्वकर्मा , आमिर अंसारी, आमिर अन्सारी, सैय्यद मुहम्मद, प्रतीक आदि सदस्य व पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# एमिटी यूनिवर्सिटी के दो छात्रों के विवाद में चली गोली, एक घायल

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा की एमिटी यूनिवर्सिटी के बाहर दो छात्रों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत मारपीट और गोलीबारी तक आ गई। इस दौरान एक गुट के छात्र ने गोली चला दी। दूसरे गुट के एक छात्र की जांघ में गोली लगी है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, नोएडा की एमिटी यूनिवर्सिटी के छात्रों के बीच शुक्रवार की शाम झड़प हो गई। इस दौरान कैंपस के बाहर गोली चली जो एक छात्र की जांघ में लग गई। बताया जा रहा है कि गौरीश भाटी नाम के जिस छात्र के पैर में गोली लगी है, उसका कुछ बाहरी लोगों से झगड़ा चल रहा था। इसी को लेकर विवाद हुआ जो गोलीबारी तक पहुंच गया। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार शाम करीब चार बजे थाना सेक्टर-126 पुलिस को सेक्टर-125 रेड लाइट के पास फायरिंग की सूचना मिली थी। थाना सेक्टर-126 पुलिस मौके पर पहुंची।

# समस्याओं का समाधान न होने पर पेंशनर्स नाराज

## समस्याओं का समाधान न हुआ तो पेंशनर्स दिवस नहीं मनाएंगे : आरएस वर्मा। पेंशनर्स "लाइब्रेरी" की एक नवंबर से करेंगे शुरूआत

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक विकास भवन में पूर्व मंडालयुक्त आर एस वर्मा की अध्यक्षता में आज हुई। पेंशनर्स ने प्रत्येक 17 दिसंबर को पेंशनर्स दिवस पर उठाए जाने वाले स्थानीय बिंदुओं का निराकरण न किये जाने पर आक्रोश व्यक्त किया।



पूर्व कमिश्नर आर एस वर्मा ने कहा कि अगर यही स्थित एक योग्य डीएम के आने पर भी बनी रही तब दिसंबर में शासनादेशानुसार होने वाली पेंशनर्स दिवस की मीटिंग कराया जाना केवल मात्र औपचारिकता रहेगा। ऐसे में पेंशनर्स दिवस की मीटिंग को बॉयोकॉट करने पर विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स ने शसनादेशो के बावजूद एक अक्टूबर को वरिष्ठ नागरिक दिवस जनपद मुख्यालय पर न मनायें जाने पर भी चिंता व्यक्त किया और वस्तुस्थिति से समाज कल्याण मंत्री को अवगत कराएं जाने का निर्णय लिया है। गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्व कमिश्नर आर एस वर्मा ने कहा कि बैठक में यह

भी निर्णय लिया गया कि एसोसिएशन वरिष्ठ नागरिकों /पेंशनर्स के लिए उपयोगी पुस्तको का संकलन करके, सदस्यों के लिए पुस्तकालय एक माह नवंबर से स्टेनली रोड स्थित संगठन के महामंत्री उमेश शर्मा के आवासीय परिसर में प्रारम्भ किया जाएगा।इसके लिए अध्यक्ष आर एस वर्मा ने 21 पुस्तके डोनेट की।

उन्होंने बताया कि बैठक में एसोसिएशन का त्रैमासिक आय - व्यय का विवरण और गतवर्ष की ऑडिट रिपोर्ट का अनुपालन अनुमोदित किया गया। बैठक में पूर्व सीएओ ड्रा पीके सिन्हा, डॉ सुधा प्रकाश,उमेश शर्मा,डॉ वी के श्रीवास्तव,भगवती प्रसाद,आर डी कुशवाहा,जयश्री श्रीवस्ताव,सर्वेश कुमार मिश्रा, प्रेमा राय, फरहाना सिद्दक ी,साधु शरण उपाध्याय,राजेश यादव, ईश्वर लाल,वेद प्रकाश, उमा कौशिक,कलावती सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# आशिकी के चक्कर में हुआ चौफेरवा के अंशु का कत्ल

## कोतवाली, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने किया खुलासा। पुलिस ने हत्यारोपित को किया गिरफ्तार । नकदी, बाइक समेत आला कत्ल बरामद

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** चौफेरवा की महिला अंशु देवी की हत्या आशनाई को लेकर हुई थी। अंशु के सिरफिरे आशिक ने उसे मौत के घाट उतार दिया था। कोतवाली पुलिस, एसओजी टीम व सर्विलांस टीम ने मिलकर कोतवाली क्षेत्र में हुई विवाहित महिला के हत्या की घटना का पदार्फाश किया है। इस मामले में पुलिस ने एक शातिर व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। हत्यारोपित युवक के पास से नकदी, बाइक और आला कत्ल भी बरामद कर लिया है।



पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम ने थाना कोतवाली पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त बाबू सिंह यादव उर्फ मुलायम सिंह पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी ग्राम चौफेरवा थाना कोतवाली नगर जनपद फतेहपुर को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद कत्ल की वारदात का खुलासा किया है।

बता दें कि थाना कोतवाली क्षेत्र के चौफेरवा नाले के पास 4 अक्टूबर को एक महिला का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस की छानबीन के दौरान शव की पहचान श्रीमती अंशु देवी पत्नी करन यादव निवासी चौफेरवा थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर के रूप में हुई। मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज किया गया। थाना कोतवाली पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम के प्रयास से हत्या की घटना का खुलासा हुआ। पुलिस के मुताबिक, वारदात की छानबीन में प्रथम दृष्टया संदेह के आधार पर चौफेरवा के ही एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पहले उसने गुमराह करने की कोशिश की।

थोड़ा कर्रा करने पर न सिर्फ सच्चाई उगल दी बल्कि आला कत्ल भी बरामद करा दिया। मिली जानकारी के अनुसार, वारदात को अंजाम देने वाले अभियुक्त बाबू सिंह यादव उर्फ मुलायम सिंह पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी चौफेरवा थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, अभियुक्त बाबू सिंह से पूछताछ में स्पष्ट हुआ कि अभियुक्त बाबू सिंह मृतका से प्रेम करता था। मृतका ने उसके साथ रहने से मना कर दिया था।महिला के दूसरे के साथ चले जाने से नाराज होकर उसने हत्या करने की बात कबूल की। इस दौरान पुलिस ने आला कत्ल

एक अदद ईंट, मृतका का एक अदद बैग बरामद कराया। बैग के भीतर मृतका के कपड़े, जूती आदि मिले हैं। मृतका का एक अदद रेडमी मोबाइल मय सिम कार्ड भी अभियुक्त की जेब से बरामद किया गया। पुलिस की माने तो घटना में हीरो होंडा बाइक का इस्तेमाल किया गया था। हत्यारोपित से एक सेट मोबाइल पोको व 1350 रुपये नगद भी बरामद किया गया है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय, कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक अभिलाष तिवारी, उप निरीक्षक उपदेश कुमार, उप निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, उप निरीक्षक अनीश शुक्ला, हेड कांस्टेबल पंकज पाण्डेय, कांस्टेबिल आशीष कुमार थाना कोतवाली आदि शामिल रहे।

# मिशन शक्ति महिला पुलिसकर्मियों ने गांव व कस्बों में चौपाल लगाकर किया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** मिशन शक्ति अभियान ( फेज-05 ) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/हास्पिटल/गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। *थाना पिपरी, महिला थाना, थाना कोखराज, थाना महेवाघाट, थाना सैनी, थाना मोहब्बतपुर पइंसा व थाना चरवा पुलिस टीमों द्वारा क्षेत्र में* जाकर/कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला



हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- *(1) 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

# दुशाहस : हिन्दू आस्था पर हमला। मुस्लिम युवकों ने देवी प्रतिमा और भक्तो पर फेका शौच का गंदा पानी

## नवाबगंज इलाके से जुड़ा है मामला प्रतिमा विसर्जन के लिए जाते वक्त हुई घटना। सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोसिस नाकाम पुलिस को दी तहरीर

**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज प्रयागराज ।** मूर्ति विसर्जन के लिए जाते वक्त शौच का गंदा पानी फेक कर हिन्दू आस्था से खिलवाड़ करने का मामला प्रकाश मे आया है सूचना पर पहुची पुलिस ने मौका मुआइना किया आक्रोशित लोगो को शांत कराया आयोजको ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है वार्ड संख्या 05 सोनवर्षा मोहल्ले मे जय माँ भद्रकाली दुर्गा पुजा कमेटी के द्वारा देवी प्रतिमा स्थापित किया जाता है आयोजको ने विसर्जन जुलूस पर दूषित पानी फेंकने और पत्थरबाजी का आरोप लगाया है। कमेटी के पदाधिकारियों ने सोशल मीडिया पर वीडियों वायरल कर कार्रवाई की मांग करते हुए नवाबगंज थाना में आरोपितों के विरूद्ध तहरीर भी दिया है पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र मे आरोप लगाया गया है सनिवार को देवी प्रतिमा विसर्जन के लिए जाते वक्त कुछ अराजक तत्वो के द्वारा रास्ते मे आधारगंज मोहल्ले मे गफूर बाबा के मजार के पास रोककर प्रतिमा और भक्तो पर शौच का गंदा पानी डाल दिया गया जिसका वीडियो शोसल मीडिया पर वायरल करते हुये कार्यवाही की मांग किया गया है सूचना पर स्थानीय चौकी प्रभारी शरद सिंह मौके पर पहुच कर दोषियो पर कार्यवाही का भरोसा दिलाते हुये आक्रोशित लोगो को समझा बुझा कर मामला शांत कराया आयोजको ने रविवार को नवाबगंज थाना मे कुछ नामजद और अज्ञात लोगो के विरुद्ध तहरीर दिया है ।

# शोहदों पर हंडिया पुलिस ने की कार्रवाई 10 का हुआ चालान

**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**हंडिया।** हंडिया पुलिस क्षेत्र में शोहदों के खिलाफ रविवार को चेकिंग के दौरान पुलिस ने विजेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम मानिकपुर. मो0 अजहर पुत्र मो० अशरफ उर्फ इलाहाबादी निवासी रावतपुर. सतीश सिंह पुत्र मुन्नू सिंह निवासी रावतपुर थाना हंडिया. राहुल सिंह पुत्र मउलिया सिंह निवासी ग्राम रावतपुर. रोहित कुमार यादव पुत्र गगनप्रसाद यादव निवासी ग्राम इटिहा इब्राहिमपुर. सतसई निषाद पुत्र रामलखन निवासी ग्राम गणेशीपुर . अरविन्द निषाद पुत्र त्रिलोकी प्रसाद निवासी ग्राम गणेशीपुर. रामचरित यादव पुत्र लालाजी यादव निवासी ग्राम ढोकरी का पूरा. सुदामा यादव पुत्र लालजी यादव निवासी ग्राम ढोकरी का पूरा थाना हंडिया. दशरथ यादव पुत्र स्व० सत्य नारायण यादव निवासी ग्राम भीटीया का पुरा टेला थाना हण्डिया कमि) प्रयागराज का शांति भंग में चालान किया।







गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक बृज किशोर गौतम थाना हण्डिया, उ0नि0 योगेन्द्र कुमार सिंह. उ0नि0 प्रशिक्षु उपेन्द्र गौड़ . उ0नि0 अवधनारायण यादव थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

# पार्टी ने एक सच्चा जनसेवक खो दिया जिसकी भरपाई संभव नहीं -सुब्रत पाठक प्रदेश महामंत्री

## पूर्व सांसद व काशी क्षेत्र प्रभारी का प्रयागराज में हुआ जोरदार स्वागत अभिनन्दन । पूर्व विधायक नीलम करवरिया को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया सुब्रत पाठक ने

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के महामंत्री व काशी क्षेत्र प्रभारी पूर्व सांसद कन्नौज सुब्रत पाठक रविवार को प्रयागराज आगमन पर पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती के नेतृत्व में कार्यकताओं पदाधिकारियों ने पटेल संस्थान अलोपी बाग में बड़ी माला पहनाकर जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी,



जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। उसके बाद प्रदेश महामंत्री ने पूर्व विधायक उदयभान करवरिया के आवास कल्याणी देवी पहुंच कर दिवंगत पूर्व विधायक नीलम करवरिया को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन करते हुए उनके कृतित्व की चर्चा करते हुए भावुक होते हुए कहा पार्टी ने एक सच्चा जनसेवक खो दिया,जो विना भेद-भाव के सभी के दुःख सुख मे हर पल तत्पर रहती थी।

जब टूट गई

# ऐश्वर्या राय

## और रानी मुखर्जी की दोस्ती, कड़वाहट से भर गया रिश्ता, नहीं हुई आज तक सुलह






फिल्मी सितारों के बीच रिश्तों का बनना और बिगड़ा आम सी बात है. यहां सितारों के बीच दोस्ती तो होती है, लेकिन वो कितनी लंबी चलेगी इसकी कोई गारंटी नहीं होती. बॉलीवुड के गलियारों में ऐसे कई किस्से हैं, जहां एक्ट्रेसेस और एक्टर की दोस्ती पूरी तरह से खत्म होते देर नहीं लगी. ऐसा ही एक किस्सा ऐश्वर्या राय और रानी मुखर्जी की दोस्ती का भी है. दोनों एक वक्त पर काफी अच्छी दोस्त हुआ करती थीं, लेकिन फिर कुछ ऐसा हुआ कि दोनों की दोस्ती में खटास आ गई.शाहरुख खान और सलमान खान की दोस्ती में भी दरार आ गई थी, लेकिन वक्त के साथ दोनों फिर से अच्छे दोस्त बन गए. लेकिन ऐश्वर्या राय और रानी मुखर्जी की आज तक सुलह नहीं हो पाई है. रानी और ऐश्वर्या के लिए कहा जाता है कि दोनों हमेशा एक-दूसरे के साथ खड़ी नजर आती थीं. दोनों को अक्सर साथ भी देखा जाता था. फिर एक ऐसी घटना घटी कि दोनों की दोस्ती हमेशा-हमेशा के लिए टूट गई.

**शाहरुख-सलमान थे बड़ी वजह**

एक रिपोर्ट की मानें तो ऐश्वर्या और रानी की दोस्ती में आई दरार की एक बड़ी वजह सलमान खान और शाहरुख खान को भी माना जाता है. दरअसल ये वो दौर था जब सलमान और ऐश्वर्या के रिश्ते ठीक नहीं चल रहे थे. उस वक्त शाहरुख खान के साथ ऐश्वर्या फिल्म चलते-चलते की शूटिंग कर रही थीं. सलमान अक्सर फिल्म की शूटिंग पर पहुंचकर काफी तमाशा करते थे. शाहरुख ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो सलमान ने उन्हें भी काफी कुछ बोल दिया.

**रानी के एक फैसले से टूट गया ऐश का दिल**

शाहरुख खान भी सलमान और उनकी हरकत को बर्दाश्त नहीं कर पाए. उन्होंने फिल्म से ऐश्वर्या राय को हटाने का फैसला किया. माना जाता है कि शाहरुख के कहने पर ही ऐश को फिल्म से बाहर कर दिया गया. इसके बाद ये फिल्म काजोल को ऑफर की गई, लेकिन उन्होंने इसे करने से इनकार कर दिया. काजोल के बाद मेकर्स ने रानी मुखर्जी को अप्रोच किया और रानी बिना देर किए फिल्म के लिए हामी भर दी. रानी के इस फैसले से ऐश्वर्या काफी नाराज हो गई. ऐश्वर्या ने रानी को अपनी शादी तक में नहीं बुलाया था.

## बिग बॉस 18: विवियन डीसेना की पत्नी ने क्यों कहा- सिद्धार्थ शुक्ला से तुलना बंद कर दें



'बिग बॉस 18' शुरू हुए अभी एक हफ्ता हुआ है और विवियन डीसेना शो में खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं. लोग बिग बॉस में विवियन डीसेना की तुलना दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला से कर रहे हैं. सलमान खान ने शो के प्रीमियर में विवियन डीसेना को 'बिग बॉस 18' का फाइनलिस्ट तक बताया था. हालांकि, सिद्धार्थ शुक्ला से कम्पेरिजन विवियन डीसेना की पत्नी नूरन अली को पसंद नहीं आया. उन्होंने विवियन डीसेना की सिद्धार्थ शुक्ला से तुलना पर रिएक्शन दिया है.हाल ही में बिग बॉस के कंटेस्टेंट रहे राजीव अदातिया ने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा था कि Vivian Dsena को देखकर सिद्धार्थ शुक्ला की याद आती है. इसके बाद फैन्स भी कहने लगे कि विवियन डीसेना बिग बॉस 13 के विनर सिद्धार्थ शुक्ला की वाइब दे रहे हैं. अब इसी को लेकर विवियन डीसेना की पत्नी ने सिद्धार्थ शुक्ला से विवियन की तुलना न करने की रिक्वेस्ट की है.

**Vivian Dsena की पत्नी ने की ये रिक्वेस्ट**

विवियन डीसेना की पत्नी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सिद्धार्थ और विवियन की साथ वाली फोटो स्टोरी पर शेयर की और लिखा – "मैं विवियन डीसेना के सभी फैन्स, सपोर्टर और फॉलोअर्स से रिक्वेस्ट करती हूं कि वो दोनों की तुलना करना बंद कर दें. इन दोनों ने अपनी जर्नी लगभग एक साथ शुरू की थी और उनके बीच हमेशा एक हेल्दी कॉम्पिटिशन रहा था. दोनों में से किसी ने भी कभी दूसरे के लिए बुरा शब्द नहीं कहा और ना ही एक-दूसरे से झगड़ा या बहस की.

**विवियन और सिद्धार्थ थे अच्छे दोस्त**

उनकी पत्नी ने आगे लिखा- असल में विवियन और सिद्धार्थ अच्छे दोस्त थे और उनका बॉन्ड बहुत स्पेशल था. दोनों का करियर ग्राफ भी अच्छा रहा है और दोनों ने हिट शो दिए हैं. भले ही उनके कैरेक्टर में थोड़ी सिमिलेरिटीज हों, लेकिन उन्हें शांति से रहने दें, जो अब हमारे बीच नहीं हैं.

## हार्दिक पांड्या के बर्थडे पर नताशा ने दिया खास सरप्राइज, एल्विश संग आंखों में आंखें डाल शेयर किया



भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या आज यानी 11 अक्टूबर को अपना 31वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस खास मौके पर हार्दिक के फैंस और फ्रेंड्स ने उन्हें जन्मदिन की ढेर सारी बधाई दी। ऐसे में हार्दिक के बर्थडे के दिन उनकी एक्स वाइफ नताशा स्टेनकोविक का एक वीडियो सुर्खियों में बना है। इस वीडियो में एक्ट्रेस बिग बॉस विनर एल्विश यादव के साथ रील बनाती नजर आ रही हैं। ये वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**नताशा ने एल्विश के साथ शेयर किया वीडियो**

नताशा स्टेनकोविक ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना एक नया वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में नताशा बिग बॉस ओटीटी 2 विनर एल्विश यादव के साथ नजर आ रही हैं। दरअसल, हाल ही में नताशा स्टेनकोविक का एक म्यूजिक वीडियो रिलीज हुआ है। जो इस वक्त काफी ट्रेंडिंग है। ऐसे में



नताशा ने अपने इसी गाने पर एल्विश के साथ रील बनाया है। इस वीडियो में नताशा एल्विश के साथ बीच किनारे वॉक करती नजर आ रही हैं। दोनों एक-दूसरे की आंखों में आंख डालकर रोमांटिक अंदाज में देखते नजर आ रहे हैं। इस दौरान नताशा बेहद शॉर्ट वनपीस ड्रेस में बेहद हॉट नजर आ रही हैं। वहीं, एल्विश भी काफी जच रहे हैं।

**वीडियो पर नेटिजन्स के आए ऐसे रिएक्शन**

नताशा और एल्विश यादव का ये वीडियो इंटरनेट पर आग लगा रहा है। इस वीडियो के सामने आते ही नेटिजन्स के कमेंट की बाढ़ आ गई है। इस पर कमेंट कर एक यूजर ने लिखा, हार्दिक का बेस्ट बर्थडे सरप्राइज। एक दूसरा लिखता है, सिस्टम हिलाकर रख दिया। एक ने लिखा, भाई बर्थडे के दिन नहीं करना था। एक लिखता है, बर्थडे गिफ्ट दे दिया भाई ने हार्दिक भाई को। ऐसे कई और कमेंट्स इस वीडियो पर आ रहे हैं।

# आलिया भट्ट

## की बेटी राहा के नाम रामचरण ने गोद लिया हाथी, गिफ्ट में भेजा घर, एक्ट्रेस बोलीं-मैं बिल्डिंग के ....



बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों अपनी फिल्म जिगरा को लेकर खबरों में बनी हुई हैं। आलिया की ये फिल्म कल यानी 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म में आलिया की दमदार एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है। मूवी की कहानी दर्शकों और क्रिटिक्स को काफी पसंद आई है। आलिया और फिल्म की टीम ने जिगरा के प्रमोशन में कोई कसर नहीं छोड़ा। ऐसे में आलिया ने खुलासा किया है उनके एक को-स्टार ने उनकी बेटी राहा के नाम पर एक हाथी गोद लिया है।



**आलिया ने रामचरण संग बॉन्ड पर की खुलकर बात**

ये सुपरस्टार कोई और नहीं, बल्कि साउथ के जाने माने एक्टर रामचरण हैं। आरआरआरके दौरान आलिया भट्ट का रामचरण संग एक खास बॉन्ड बन गया था। ऐसे में अब आलिया ने एक प्रमोशनल इंटरव्यू में एंकर सुमा से बात करते हुए बताया कि रामचरण और जूनियर एनटीआर ने उन्हें बताया था कि उनके पास राहा के लिए एक खास तोहफा है।

रामचरण ने बेटी राहा के नाम पर कुछ ऐसा किया जिसने आलिया का दिल छू लिया। उन्होंने बताया कि रामचरण ने राहा के नाम पर एक हाथी गोद लिया है। आलिया ने बताया, तारक, राम चरण और मैं, हम अलग-अलग शेड्यूल के कारण आरआरआर के सेट पर एक साथ ज्यादा समय नहीं बिता सके, लेकिन प्रमोशन के दौरान, हम बहुत करीब आ गए।

**राहा के लिए भेजा खास तोहफा**

आलिया ने एक मजेदार किस्सा बताते हुए कहा, एक दिन मैं राहा के जन्म के करीब एक महीने के बाद अपनी बिल्डिंग के नीचे टहलने के लिए उतरी, तभी किसी ने आकर मुझे कहा, मैम, रामचरण सर ने एक हाथी भेजा है।ये सुनकर मैं हैरान थी, क्योंकि कुछ भी हो सकता है। हो सकता है कि मैं अभी बिल्डिंग के नीचे हूं और मेरे सामने एक विशाल हाथी घूम रहा हो।

# छक्कों की बारिश में बह गया बांग्लादेश

## 133 रन से जीता तीसरा टी20 मैच,टी20 सीरीज में भी सफाया

एजेंसी
**हैदराबाद।** संजू सैमसन (111) और सूर्य कुमार यादव (75) की आतिशी बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के कातिलाना प्रदर्शन की बदौलत भारत ने यहां तीसरे टी20 मैच को एकतरफा अंदाज में 133 रन से जीत कर बांग्लादेश का सीरीज में सफाया कर दिया हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 297 रन बनाये जिसके जवाब में बांग्लादेश सात विकेट पर 164 रन ही बना सका। इसके साथ ही भारत ने पड़ोसी मुल्क के खिलाफ श्रृखंला 3-0 से जीत ली है। इससे पहले दो टेस्ट मैचों की सीरीज में भी भारत ने क्लीन स्वीप किया था। भारत और बांग्लादेश के बीच तीसरे टी20 मुकाबले से पहले हल्की बरसात ने उमस में इजाफा किया था मगर बाद में भारतीय खिलाड़ियों के बल्ले से रनों की ऐसी बरसात हुयी जिससे स्टेडियम में बैठे हजारों दर्शक भावनाओं के ज्वार में गोते लगाने लगे। संजू सैमसन और सूर्य कुमार यादव के बाद भी भारतीयों के आक्रामक अंदाज में तनिक भी कमी नजर नहीं आयी और हार्दिक पांड्या (47) और रियान पराग (34) ने भी बांग्लादेशी गेंदबाजों की बेरहमी से पिटाई की।




बल्लेबाजी करने उतरे बांग्लादेश का पहला विकेट मयंक यादव ने अपने पहले ओवर की पहली गेंद पर लिया जिसके बाद पूरे मैच में बांग्लादेश के बल्लेबाज कहीं से भी लक्ष्य का पीछा करने का हौसला जुटाते नजर नहीं आये। मो. तौहीद हृदोय (63 नाबाद) और लिटन दास (42) ही भारतीय आक्रमण का जवाब देने में दिलचस्पी जताते दिखायी दिये जबकि तंजिद हसन (15) और नजमुल शान्तो (14) अपने निजी स्कोर को दहाई तक ले जाने वाले अन्य दो खिलाड़ी रहे। मंयक (32 रन पर दो विकेट) ने एक बार फिर अपनी रफ्तार से बांग्लादेशी बल्लेबाजों में आतंक पैदा किया वहीं अनुभवी रवि बिश्नोई (30 रन पर तीन विकेट) की फिरकी का जवाब बांग्लादेश के पास नहीं था। वशिंगटन सुंदर को केवल एक ओवर डालने का मौका मिला जिसे सार्थक करते हुये उन्होने तंजिद हसन को चलता किया।नीतिश रेड्डी भी एक विकेट झटकने में सफल रहे। भारतीय पारी में कुल 22 छक्के लगे जो अब तक का एक रिकार्ड है। संजू सैमसन ने अपनी आतिशी बल्लेबाजी से न सिर्फ चयनकर्ताओं और कोच को आकर्षित किया बल्कि अपने डांवाडोल करियर को भी सहारा दिया। संजू का बल्ला आज आग उगल रहा था। उन्होने पारी के दसवें ओवर में दिलशाद हुसैन को अपना निशाना बनाया और एक के बाद एक पांच छक्के जड़ कर स्टेडियम में जोश भर दिया। दूसरे छोर पर कप्तान सूर्य कुमार यादव अपने चिरपरिचित अंदाज में बांग्लादेशी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में लगे थे। इस बीच संजू ने अपने करियर का पहला शतक मात्र 40 गेंदों पर पूरा किया। इसके साथ ही वह भारत की ओर से सबसे तेज टी20 शतक लगाने वाले दूसरे शूरवीर बने। इससे पहले रोहित शर्मा ने वर्ष 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंदों में शतक लगाया था। माथे पर पसीने की अगिनत बूंदे समेटे संजू शतक लगाने के बाद आत्मविश्वास से परिपूर्ण नजर आ रहे थे। कप्तान सूर्या ने आगे बढ़कर अपने साथी बल्लेबाज से गले लग कर उनका हौसला बढ़ाया। उधर, बांग्लादेश के अनुभवी मुस्तफिजुर रहमान ने गति में चतुराई से परिवर्तन करते हुये संजू को गेंद दी जिसे पुल करने के प्रयास में वह डीप स्कावयर लेग पर खड़े खिलाड़ी को कैच थमा बैठे। संजू के आउट होने के बाद सूर्या का भी आत्मविश्वास डगमगाया और वह अगले ही ओवर में महमुदल्लाह का शिकार बन पैवलियन लौट गये। संजू और सूर्या के बीच दूसरे विकेट के लिये 173 रन की तेज भागीदारी हुयी। सूर्या के 75 रन मात्र 35 गेंदों पर आये जिसमें उनके आठ चौके और पांच छक्के शामिल थे वहीं संजू ने अपनी शतकीय पारी के दौरान 11 चौके और आठ छक्के जड़े।

दोनो खिलाड़ियों के आउट होने के बावजूद भारतीयों की आक्रामकता पर कोई खास असर नहीं पड़ा। रियान पराग ने मात्र 13 गेंदों में चार छक्कों की मदद से 34 रन की पारी खेली तो दूसरे छोर पर हार्दिक पांड्या 18 गेंदों की संक्षिप्त पारी में चार चौके और इतने ही छक्के की सहायता से 47 रन बनाकर विदा हुये। आज के मैच में नीतिश कुमार रेड्डी (0) और अभिषेक शर्मा (4) का बल्ला नहीं चला। बांग्लादेश की ओर से तनज़ीम हसन साकिब ने 66 रन देकर तीन भारतीय बल्लेबाजों के विकेट गिराये जबकि तसकीन अहमद,महमुदल्लाह और मुस्तफिकुर रहमान को एक एक विकेट मिला।

## मैंने दबाव और असफलताओं से निपटना सीख लिया है, शतकीय पारी के बाद बोले संजू सैमसन

एजेंसी
**हैदराबाद।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि उन्होंने शीर्ष स्तर की क्रिकेट में दबाव और असफलताओं के साथ जीना सीख लिया है तथा उन्होंने टीम प्रबंधन का भी आभार व्यक्त किया जिसने उन्हें विषम परिस्थितियों से बाहर निकलने और खुद को साबित करने के लिए एक और मौका दिया। सैमसन ने मैच के बाद कहा, 'श्रीलंका के खिलाफ दो मैच में खाता नहीं खोलने के बाद मुझे अगली श्रृंखला में मौका मिलने को लेकर थोड़ा संदेह था। लेकिन उन्होंने (कोचिंग स्टाफ और कप्तान) मुझ पर भरोसा बनाए रखा। वे कहते रहे कि वे समर्थन करना जारी रखेंगे।' इस 29 वर्ष के खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि भारत की तरफ से खेलते हुए आप दबाव से मुक्त नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि एक भारतीय क्रिकेटर के रूप में मानसिक रूप से आप बहुत कुछ झेलते हैं, खासकर इस प्रारूप (टी20) में। लेकिन मैंने दबाव और असफलताओं से निपटना सीख लिया है। मुझे लगता है कि इसका काफी श्रेय ड्रेसिंग रूम, नेतृत्व समूह, कप्तान और कोच को जाना चाहिए जिन्होंने मेरा समर्थन करना जारी रखा।' सैमसन ने कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने उन्हें बांग्लादेश श्रृंखला के दौरान सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाने के टीम प्रबंधन के फैसले के बारे में पहले ही बता दिया था। उन्होंने कहा, 'मैं भाग्यशाली था कि गौतम भाई, सूर्यकुमार (यादव) और अभिषेक नायर (सहायक कोच) ने तीन सप्ताह पहले ही मुझे सूचित कर दिया था कि बांग्लादेश के खिलाफ मैं पारी की शुरुआत करूंगा। इससे मुझे उचित तैयारी करने में मदद मिली।

## पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा जामनगर राजगद्दी के उत्तराधिकारी घोषित, 53 की उम्र में बने नए जाम साहब

**जामनगर।** भूतपूर्व रियासत जामनगर के महाराजा और पूर्व क्रिकेटर शत्रुशल्यसिंह जडेजा ने अपने भतीजे और पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा को राजगद्दी का उत्तराधिकारी घोषित किया। 53 वर्षीय जडेजा अब जामनगर के नए जाम साहब यानी नाममात्र के मुखिया होंगे। क्रिकेट के दिग्गजों के परिवार के रूप में जाने जाने वाले जडेजा के परदादा रंजीतसिंह और परदादा दुलीपसिंह जो दोनों पूर्व जाम साहब थे, के नाम पर ट्रॉफी रखी गई हैं। पूर्व नवानगर राज्य के नाममात्र के मुखिया शत्रुशल्यसिंह ने एक बयान में कहा, यह जामनगर के लिए सौभाग्य की बात है कि अजय जडेजा ने मेरा उत्तराधिकारी बनना स्वीकार किया है। अजय जडेजा को पिछले साल अफगानिस्तान क्रिकेट टीम का मेंटर नियुक्त किया गया था। अपनी खुशी की तुलना महाभारत के पांडवों से करते हुए शत्रुशल्यसिंह ने कहा, मैं भी उतना ही खुश हूं (जितना कि वे) क्योंकि मैं एक दुविधा से मुक्त हो गया हूं और इसके लिए जिम्मेदार व्यक्ति अजय जडेजा हैं।

## प्लेयर ऑफ द सीरीज बने हार्दिक पांड्या, बताया- कौन सा शॉट रहा सबसे बढ़िया

**हैदराबाद।** राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को तीसरे टी20 में 133 रन से हराकर तीन टी20 मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। रिकॉर्ड्स भरे मैच में भारतीय टीम ने कई रिकॉर्ड बनाए। इस दौरान भारतीय ऑलराऊंडर हार्दिक पांड्या का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। हार्दिक पांड्या ने सीरीज के तीन मैच में 118 रन तो बनाए ही साथ ही साथ अहम मौकों पर किफायती गेंदबाजी भी की। प्लेयर ऑफ द सीरीज बनने के बाद हार्दिक पंड्या ने कहा कि कप्तान और कोच ने जिस तरह की आजादी दी है, वह शानदार है। यह खेल, यदि आप आनंद ले सकते हैं तो इसी तरह आप इसका अधिकतम लाभ उठा सकते हैं। शरीर शानदार है, भगवान मेरी मदद करने के लिए दयालु रहे हैं। वहीं, मैच में अपने फेवरेट शॉट का पूछे जाने पर हार्दिक ने कहा कि आज कवर के ऊपर जब मैंने शॉट लगाया तो यह मेरा सबसे फेवरेट रहा। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि हमने एक टीम के रूप में बहुत कुछ हासिल किया। मैं निस्वार्थ क्रिकेटर चाहता हूं। हम एक-दूसरे की सफलता का आनंद लेना चाहते हैं। हम कुछ मजा कर रहे हैं। टीम से बड़ा कोई नहीं। हमें बहुत लचीला होना होगा। हर किसी को योगदान देना होगा। जिस तरह से उन्होंने इस श्रृंखला में दिखाया, वह सराहनीय है। बस अच्छी आदतें बनाए रखें और वैसे ही बने रहें।

## रवि बिश्नोई के 50 टी20 विकेट पूरे

**हैदराबाद।** हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और अंतिम मैच के दौरान रवि बिश्नोई 50 टी20ई विकेट लेने वाले संयुक्त तौर पर तीसरे सबसे तेज भारतीय गेंदबाज बन गए। बिश्नोई ने अपने दूसरे ओवर में लिटन दास को आउट कर अपनी 33वीं पारी में मील का पत्थर हासिल किया। उन्होंने अर्शदीप सिंह के रिकॉर्ड की बराबरी की। मैच के छठे ओवर में बिश्नोई ने नजमुल हुसैन शान्तो का भी विकेट लिया और बांग्लादेश की लक्ष्य का पीछा करने की तमाम संभावनाओं को चकनाचूर कर दिया। उन्होंने एक मेडन ओवर भी फेंका। किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज 50 टी20ई विकेट लेने का रिकॉर्ड कुलदीप यादव के नाम है, जिन्होंने 30 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। युजवेंद्र चहल 34 पारियों में यह उपलब्धि हासिल कर इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। 50 टी20ई विकेट लेने के बाद रवि बिश्नोई ने कहा कि इस रिकॉर्ड को बनाने पर बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। जब आपकी टीम में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो तो दबाव अच्छा होता है। मैं इस मौके का भरपूर फायदा उठाना चाहता था। खेल को बाहर से देखना भी अच्छा लगता है। आपको खुद पर काम करने और उसके अनुसार चीजों पर काम करने की जरूरत है। मुझे कुछ दिनों का ब्रेक मिला था, इसलिए मैंने इसका भरपूर फायदा उठाने की कोशिश की।

## इमर्जिंग टी20 एशिया कप में भारत के कप्तान बने तिलक वर्मा

**नई दिल्ली।** एसीसी ने घोषणा की है कि भारतीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज तिलक वर्मा एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) मेन्स इमर्जिंग टीम टी20 एशिया कप के दौरान खिलाड़ियों के स्टार-स्टडेड समूह का नेतृत्व करेंगे। टीम में अभिषेक शर्मा, राहुल चाहर और साई किशोर जैसे खिलाड़ी भी हैं, जिन्होंने सीनियर पुरुष भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है।टीम में कुछ अन्य खिलाड़ियों में आयुष बडोनी, रमनदीप सिंह, अनुज रावत, नेहल वढेरा और रसिख सलाम जैसे युवा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सितारे शामिल हैं, जिन्होंने आईपीएल में पिछले दो-तीन वर्षों के दौरान कुछ प्रभावशाली प्रदर्शन किया है।

प्रतियोगिता के लिए 15 सदस्यीय दल ओमान की यात्रा करेगा जो 18 और 27 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। भारत के साथ, ओमान, पाकिस्तान और यूएई ग्रुप बी बनाएंगे जबकि ग्रुप ए में अफगानिस्तान, हांगकांग, श्रीलंका और बांग्लादेश शामिल हैं। यह टूर्नामेंट का छठा संस्करण है, जिसमें पाकिस्तान गत चैंपियन है, जिसने पिछले साल फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत को हराया था। भारत ने एक बार 2013 में यह टूर्नामेंट जीता था।

## हिमाचल के अंकित कलसी का नाबाद दोहरा शतक, तीन विकेट में 663 रनों पर पारी घोषित

एजेंसी
**धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में हिमाचल और उत्तराखंड के बीच खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी के इलीट ग्रुप बी मैच में हिमाचल ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। मैच के दूसरे दिन भी मेजबान हिमाचल के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन जारी रहा जिसके चलते पहली पारी तीन विकेट पर 663 रनों के स्कोर पर घोषित कर दी। वहीं दूसरी ओर बड़े स्कोर का पीछा करते हुए बल्लेबाजी के लिए उतरे उत्तराखंड ने 50 रनों के स्कोर पर अपना एक विकेट खो दिया है। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक उत्तराखंड की ओर से ओपनर अवनीश सुधा 24 और वैभव भट्ट एक रन पर नाबाद हैं। इससे पहले ओपनर रविकुमार समर्थ ने 21 रन बनाए वैभव अरोड़ा के शिकार बने। उधर इससे पूर्व आज हिमाचल की ओर से अंकित कलसी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद दोहरा शतक जड़ा। कलसी ने नाबाद 205 रन बनाए जबकि दूसरे ओपनर प्रशांत चोपड़ा ने 171 रनों का योगदान दिया। वहीं उनके आउट होने के बाद चौथे नम्बर पर बल्लेबाजी के लिए आए एकांत सेन ने भी शतक लगाते हुए 101 रन बनाए। इनके आउट होने के बाद आए बल्लेबाज मयंक डागर ने महज 32 गेंदों पर 56 रनों की नाबाद पारी खेली। इसव पूर्व हिमाचल ने आज सुबह एक विकेट पर 300 रनों के स्कोर के आगे खेलना शुरू किया तथा शानदार बल्लेबाजी के दम पर तीन विकेट में ही 663 रनों के बड़े स्कोर के बाद पारी घोषित कर दी।



उत्तराखंड की गेंदबाजी की बात करें तो मयंक मिश्रा, स्वप्निल सिंह और युवराज चौधरी ने एक-एक विकेट लिए। उधर हिमाचल की ओर से उत्तराखंड का एकमात्र विकेट गेंदबाज वैभव अरोड़ा को मिला।

## रोनाल्डो ने पुर्तगाल की जीत में फिर दागा गोल, पोलैंड पर 3-1 से दर्ज की जीत

**बार्सिलोना।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपना रिकार्ड 133वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागकर पुर्तगाल को नेशंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में पोलैंड पर 3-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई जबकि एक अन्य मैच में स्पेन ने डेनमार्क को 1-0 से हराया। रोनाल्डो ने 37वें मिनट में राफेल लेओ के शॉट के पोस्ट से टकराने के बाद रिबाउंड पर गोल किया। इससे पहले बर्नार्डो सिल्वा ने 26वें मिनट में पुर्तगाल की तरफ से पहला गोल किया था। रोनाल्डो इस साल के शुरू में यूरोपीय चैंपियनशिप में पुर्तगाल की तरफ से पांच मैचों में एक भी गोल नहीं कर पाए थे लेकिन नेशंस लीग में उन्होंने अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में वह गोल करने में सफल रहे। इनमें क्रोएशिया के खिलाफ किया गया गोल भी शामिल है जो उनके करियर का 900वां गोल था। पोलैंड की तरफ से एकमात्र गोल मिडफील्डर पियोत्र जिलिंस्की ने 78वें मिनट में किया लेकिन डिफेंडर जान बेडनारेक ने खेल समाप्त होने से दो मिनट पहले आत्मघाती गोल करके पुर्तगाल की बड़ी जीत सुनिश्चित की। पुर्तगाल ग्रुप ए1 में तीन मैचों में 9 अंकों के साथ शीर्ष पर है। क्रोएशिया के छह अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है। उसने जगरेब में खेले गए मैच में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया। स्पेन ने नेशंस लीग के एक अन्य मैच में मार्टिन जुबिमेन्डी के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से डेनमार्क को 1-0 से हराया।

## हांगकांग क्रिकेट सक्सेस टूर्नामेंट: रॉबिन उथप्पा करेंगे भारतीय टीम का नेतृत्व

एजेंसी
**नई दिल्ली।** रॉबिन उथप्पा 1 से 3 नवंबर तक होने वाले हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस टूर्नामेंट में सात सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। टीम के बाकी खिलाड़ियों में भरत चिपली, केदार जाधव, मनोज तिवारी, शाहबाज नदीम, श्रीवत्स गोस्वामी और स्टुअर्ट बिन्नी शामिल हैं। हांगकांग क्रिकेट सिक्सेज टूर्नामेंट 2017 के बाद पहली बार लौट रहा है और टिन क्वांग रोड क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। इस आयोजन में 12 देश शामिल होंगे, जो सिक्स-ए-साइड मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

12 टीमों को तीन-तीन के चार पूल में विभाजित किया जाएगा, जो राउंड-रॉबिन प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। जबकि क्वार्टर फ़ाइनल के



विजेता कप सेमीफ़ाइनल में प्रवेश करेंगे, क्वार्टर फ़ाइनल के हारने वाले प्लेट सेमीफ़ाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक पूल में सबसे निचले स्थान पर रहने वाली टीम बाउल प्रतियोगिता खेलेगी। तीन दिवसीय टूर्नामेंट में कुल 29 मैच खेले जायेंगे। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए टूर्नामेंट के अंतिम दिन एक महिला प्रदर्शनी मैच भी आयोजित किया जाएगा।

## सिनेर और जोकोविच के बीच होगा शंघाई मास्टर्स की जंग

एजेंसी
**शंघाई।** शंघाई मास्टर्स टेनिस के फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर का मुकाबला नोवाक जोकोविच से होगा । सिनेर ने चेक गणराज्य के थॉमस माचाक को 6-4, 7-5 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया वहीं जोकोविच ने सातवीं रैंकिंग वाले टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 7- 6 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनायी।

सिनेर ने जीत के साथ ही एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर रहना तय कर लिया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह इटली के पहले खिलाड़ी होंगे । इससे पहले दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के 12 मैचों के विजय अभियान पर रोक लगाते हुए माचाक ने क्वार्टर फाइनल



में उन्हें 7-6, 7-5 से हरा दिया था। पिछले सप्ताह अल्काराज ने चीन ओपन के फाइनल में सिनेर को हराया था । सिनेर ने क्वार्टर फाइनल में रूस से दानिल मेदवेदेव को 6-1, 6-4 से हराया था।

## हॉकी इंडिया लीग पुरुष नीलामी: 550 से अधिक खिलाड़ियों की लगेगी बोली

एजेंसी
**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग का बहुप्रतीक्षित 2024 संस्करण नई दिल्ली में पुरुषों की नीलामी के साथ शुरू होने वाला है। इस साल के अंत में राउरकेला में हॉकी इंडिया लीग शुरू होने पर आठ पुरुष टीमों में से एक में शामिल होने का मौका पाने के लिए 400 घरेलू और 150 से अधिक विदेशी पुरुष खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है।

प्रत्येक टीम के पास खिलाड़ियों को चुनने के लिए 4 करोड़ का पर्स होगा, जिन्हें अगले दो दिनों में तीन बेस प्राइस स्लैब 2 लाख, 5 लाख और 10 लाख के तहत वर्गीकृत किया गया है। नीलामी में हरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह मनदीप सिंह, संजय, जुगराज सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरजंत सिंह, अभिषेक, कृष्ण बी पाठक, सुमित, विवेक सागर प्रसाद जैसे सितारे शामिल होंगे। इनके अलावा रूपिंदर पाल




सिंह, बीरेंद्र लाकड़ा और धर्मवीर सिंह जैसे पूर्व भारतीय हॉकी दिग्गजों ने भी पंजीकरण कराया है।

एसजी स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली दिल्ली स्थित टीम का नाम एसजी पाइपर्स रखा गया है। एसजी स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ महेश भूपति, हॉकी निदेशक पीआर श्रीजेश, मुख्य कोच ग्राहम रीड और सहायक कोच शिवेंद्र सिंह के साथ नीलामी में टीम का नेतृत्व करेंगे। एम एंड सी प्रॉपर्टी डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली तमिलनाडु स्थित टीम को तमिलनाडु ड्रैगन्स कहा जाएगा। सीएमडी श्री जोस चार्ल्स मार्टिन, श्री जोसेफ सेलवन, श्री रीन वान ईजक और श्री चार्ल्स डिक्सन के साथ टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

श्राची स्पोर्ट्स एंडेवर प्राइवेट लिमिटेड ने कोलकाता स्थित टीम का नाम श्राची रारह बंगाल टाइगर्स रखा है। श्राची स्पोर्ट्स एंडेवर प्राइवेट लिमिटेड के नीरज ठाकुर और सौरव सिकदर के साथ जगराज सिंह, रोमेश पठानिया, अभिषेक शर्मा, दीपक ठाकुर और एड्रियन डिसूजा भी होंगे। हैदराबाद स्थित टीम, जिसका स्वामित्व रेसोल्यूट स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पास है। लिमिटेड, को हैदराबाद तूफ़ान कहा जाएगा।

## एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2024: अयहिका-सुतीर्था की जोड़ी ने पदक किया पक्का; मानुष, मानव अंतिम 16वें

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारतीय पैडलर अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी ने कजाकिस्तान के अस्ताना में चल रहे एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में महिला युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है, इसी के साथ भारत का टूर्नामेंट में पदक पक्का हो गया है।हांग्जो एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाली अयहिका और सुतीर्था की भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में. दक्षिण कोरिया की किम नायॉन्ग और ली यून्हे को 3-1 (10-12, 11-7, 11-9, 11-8) से हराया।

यह एशियाई चैंपियनशिप में पोडियम पर पहुंचने वाली पहली अखिल भारतीय महिला युगल जोड़ी होगी। इससे पहले गूल नासिकवाला ने जापान की योशिको तनाका के साथ मिलकर महिला युगल में स्वर्ण पदक जीता था, जब तत्कालीन टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ एशिया ने 1952 में सिंगापुर में पहली बार इस प्रतियोगिता का



आयोजन किया था। वर्ल्ड नंबर 15 अयहिका-सुतिर्था की जोड़ी रविवार को सेमीफाइनल में जापान की मिवा हरिमोटो और मियु किहारा से भिड़ेगी। पुरुष एकल में, मानुष शाह और मानव ठक्कर ने उच्च रैंकिंग वाले दक्षिण कोरियाई विरोधियों को चौंका दिया और 16वें राउंड में पहुंच गए। वर्ल्ड नंबर 115 शाह ने वर्ल्ड नंबर 23 और पूर्व विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एन जेह्युन को 3-0 (11-9, 11-5, 11-6) से हराया।

दूसरी ओर, वर्ल्ड नंबर 60 ठक्कर ने वर्ल्ड नंबर 14 और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जांग वूजिन के खिलाफ 3-2 (5-11, 11-9, 5-11, 11-9, 11-7) से जीत दर्ज की। दिन के अंतिम 16वें राउंड में शाह का सामना चीनी ताइपे के लिन युन-जू से होगा, जबकि ठक्कर का मुकाबला हांगकांग के चान बाल्डविन से होगा।

हालाँकि, हरमीत देसाई अपने राउंड ऑफ़ 32 मैच में विश्व के 30वें नंबर के दक्षिण कोरिया के लिम जोंगहून से 0-3 (12-14, 7-11, 7-11) से हार गए। महिला एकल में मनिका बत्रा प्रतियोगिता में बची एकमात्र भारतीय हैं। वह दिन के अंतिम 16वें दौर में हारिमोटो से भिड़ेंगी।

## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को आठ विकेट से हराया

एजेंसी
**शारजाह।** सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर (53) के शानदार अर्दवशतक एवं एमेलिया कर के नाबाद 34 रनों की बदौलत न्यूजीलैंड ने यहां खेले गए आईसीसी महिला विश्वकप के 15वें मैच श्रीलंका को आठ विकेट से हरा दिया। श्रीलंका के 115 रनों के स्कोर के जवाब में न्यूजीलैंड ने दो विकेट पर 118 रन बनाकर मैच आठ विकेट से जीत लिया। न्यूजीलैंड की सलामी बल्लेबाजों सूजी बेट्स एवं जॉर्जिया प्लिमर ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 49 रनों की साझेदारी की। आठवें ओवर में सचिनी निसांसला ने सूजी बेट्स (17) को बोल्ड आउट कर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई।इसके बाद प्लिमर एवं एमेलिया कर ने टीम के स्कोर को 95 रनों तक पहुंचा कर टीम की जीत तय कर दी। 15वें ओवर में श्रीलंका की कप्तान अट्टापट्टू ने प्लिमर को (53) पर आउट कर न्यूजीलैंड को दूसरा झटका दिया। बाद में एमेलिया कर नाबाद (34) एवं कप्तान सोफ़ी डिवाइन (13) ने नाबाद रहते हुए टीम को आठ विकेट से जीत दिला दी। श्रीलंका की ओर से सचिनी निसांसला एवं चमरी अट्टापट्टू ने एक एक विकेट लिया। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका का पहला विकेट 26 रन के स्कोर पर ही गिर गया जब कार्सन ने सलामी बल्लेबाज विष्मी गुणारत्ने को बोल्ड आउट कर दिया। दूसरे विकेट के लिए कप्तान चमरी अट्टापट्टू और हर्षिता समारविक्रमा ने टीम का स्कोर 14वें ओवर में 74 रनों तक पहुंचा दिया। इसी ओवर में एमेलिया कर ने कप्तान चमरी (35) को बोल्ड कर श्रीलंका को दूसरा झटका दे दिया। स्कोर में दो रन और जुड़ते ही कैस्परेक ने हर्षिता (18) को हाथों कैच आउट करा न्यूजीलैंड को तीसरी सफलता दिला दी। इसके बाद कविशा दिलहारी (10) को कर ने पगबाधा आउट कर श्रीलंका का चौथा झटका दे दिया। श्रीलंका का पांचवा विकेट अनुष्का संजीवनी (पांच) के रुप में गिरा। अनुष्का को कैस्परेक ने डिवाइन के हाथों कैच आउट कराया। नीलाक्षी डिसिल्वा (14) एवं अमा कंचना (10) रन पर नाबाद रही। इस तरह श्रीलंका की टीम ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 115 रन बनाए।

## खराब फॉर्म में चल रहे बाबर आजम को एक और झटका, इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर : रिपोर्ट

एजेंसी
**मुल्तान।** मुल्तान में पहले टेस्ट में इंग्लैंड के हाथों पाकिस्तान की शर्मनाक हार के बाद पूर्व कप्तान बाबर आजम को टीम से बाहर कर दिया गया है, एक रिपोर्ट ने इसकी पुष्टि की है। पिछले कुछ महीनों में बाबर सभी प्रारूपों में बेहद खराब फॉर्म में हैं। पहले टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ दो पारियों में उन्होंने केवल 30 और 5 रन बनाए जबकि पिच बल्लेबाजों के लिए बिल्कुल अनुकूल थी। मुल्तान टेस्ट में पाकिस्तान की हार के कुछ घंटों बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक नई चयन समिति का गठन किया, जिसने कथित तौर पर बाबर को दूसरे टेस्ट की टीम से बाहर करने का फैसला किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार अलीम डार, आकिब जावेद और अजहर अली वाली चयन समिति ने बल्ले से खराब प्रदर्शन के कारण पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर को टीम से बाहर करने का फैसला किया है। कथित तौर पर चयन समिति ने पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के साथ-साथ पीसीबी द्वारा तीन साल के अनुबंध पर नियुक्त किए गए पांच सलाहकारों से मुलाकात की और टीम को अंतिम रूप दिया।

